दक्ष®

10 अगस्त 2022 को जारी नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

No.1

# REET Mains Exam.

## अध्यापक सीधी भर्ती

Grade-3rd
Level-1
(कक्षा 1 से 5)

# 15

2250 परीक्षा उपयोगी अति महत्त्वपूर्ण प्रश्न

# प्रैक्टिस पेपर्स

(सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित)

- कम समय में निश्चित सफलता हेतु एकमात्र प्रैक्टिस पेपर
- विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रैक्टिस पेपर
- पाठ्यक्रम में शामिल प्रत्येक बिन्दु पर आधारित प्रश्नों का महत्व के अनुसार समावेश

Buy Online at : WWW.DAKSHBOOKS.COM

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

# पाठ्यक्रम

राजस्थान प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा

# Teacher (Grade-III)

## Level-I (for Class 1 to 5)

## • राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान, राजस्थानी भाषा •

[Geographical, Historical and Cultural Knowledge of Rajasthan, Rajasthani Language]

### भूगोल

- राजस्थान का भौगोलिक स्वरूप
- मानसून तंत्र एवं जलवायु
- अपवाह तंत्र—झीलें, नदियाँ, बाँध
- राजस्थान की वन-संपदा
- वन्य जीव-जन्तु, वन्य जीव संरक्षण एवं अभयारण्य
- मृदाएँ एवं मृदा संरक्षण
- राजस्थान की प्रमुख फसलें
- जनसंख्या, जनसंख्या-घनत्व, साक्षरता और लिंगानुपात
- राजस्थान की जनजातियाँ एवं जनजातीय क्षेत्र
- धात्विक एवं अधात्विक खनिज
- राजस्थान के ऊर्जा संसाधन : परम्परागत एवं गैर-परम्परागत
- राजस्थान के पर्यटन स्थल
- राजस्थान में यातायात के साधन

### इतिहास एवं संस्कृति

- राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएँ : कालीबंगा, आहड़, गणेश्वर, बालाथल और बैराठ इत्यादि।
- राजस्थान की महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाएँ, प्रमुख राजवंश, उनकी प्रशासनिक व राजस्व व्यवस्था इत्यादि
- राजस्थान की स्थापत्य कला : किले, स्मारक इत्यादि
- राजस्थान के मेले, त्योहार, लोक कला, लोक संगीत, लोक नाट्य एवं लोक नृत्य
- राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा एवं विरासत
- राजस्थान के धार्मिक आंदोलन, प्रमुख संत एवं लोक देवता
- राजस्थान के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल
- राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व
- राजस्थान के वस्त्र एवं आभूषण
- राजस्थान की चित्रकलाएँ एवं हस्तशिल्प
- 1857 की क्रांति में राजस्थान का योगदान, राजस्थान में जनजाति एवं किसान आंदोलन
- प्रजामण्डल एवं राजस्थान का एकीकरण

### राजस्थानी भाषा

- राजस्थान की क्षेत्रीय बोलियाँ
- प्रमुख राजस्थानी कृतियाँ
- प्रमुख राजस्थानी साहित्यकार
- राजस्थानी संत साहित्य एवं लोक साहित्य

## • राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय •

[General Knowledge of Rajasthan, Educational Scenario, Right of Children to free & Compulsory Education Act and Current Affairs]

### राजस्थान का सामान्य ज्ञान

- राजस्थान के प्रतीक चिह्न
- राजस्थान में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाएँ
- राजस्थान के प्रमुख अनुसंधान केन्द्र
- राजस्थान के प्रमुख धार्मिक स्थल
- राजस्थान के प्रमुख खिलाड़ी
- राजस्थान के प्रसिद्ध नगर एवं स्थल
- राजस्थान के प्रमुख उद्योग
- राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था
- राजस्थान में जन कल्याणकारी योजनाएँ

### शैक्षिक परिदृश्य

- शिक्षण अधिगम के नवाचार
- राज्य में केन्द्र एवं राजस्थान सरकार की विद्यार्थी कल्याणकारी योजनाएँ एवं पुरस्कार
- विद्यालय प्रबंधन एवं सम्बन्धित समितियाँ
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में)

## राजस्थानी निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम

- निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009
- राजस्थान निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम-2011
- राजस्थान के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश

## सामयिक विषय

- राजस्थान की सम-सामयिक घटनाएँ।
- राज्य की अभिनव विकास योजनाएँ एवं क्रियान्विति।
- अन्य सम-सामयिक विषय।

## • विद्यालय विषय •

- **हिन्दी**—शब्द भेद (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रिया-विशेषण), संधि, समास, शब्द-रूपांतरण, शब्द-शुद्धि, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ। **10 अंक**
- **English**—Articles, Tenses, Voice, Narration, Idioms & Proverbs, Phrasal Verbs, One Word Substitution. **10 अंक**
- **गणित**— **10 अंक**
  - ❖ पूर्ण संख्याएँ, अभाज्य और भाज्य संख्याएँ
  - ❖ गणितीय मूल संक्रियाएँ- जोड़, बाकी, गुणा, भाग
  - ❖ भिन्न की अवधारणा एवं दशमलव संख्याएँ
  - ❖ अभाज्य गुणनखण्ड, लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक
  - ❖ प्रतिशत, लाभ-हानि, सरल ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज
  - ❖ रेखा एवं कोण
  - ❖ समतलीय आकृतियों के परिमाप एवं क्षेत्रफल
  - ❖ ठोस आकृतियों (घन, घनाभ, बेलन, शंकु, गोले) का पृष्ठीय क्षेत्रफल एवं आयतन
- **सामान्य विज्ञान**— **10 अंक**
  - ❖ अम्ल, क्षारक और लवण
  - ❖ तत्व, यौगिक एवं मिश्रण
  - ❖ भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन
  - ❖ गति
  - ❖ बल तथा गति के नियम
  - ❖ प्रकाश
  - ❖ कोशिका: संरचना एवं प्रकार्य
  - ❖ जीवों में श्वसन एवं परिवहन
  - ❖ जन्तुओं में जनन
- **सामाजिक अध्ययन**— **10 अंक**
  - ❖ राजस्थान: एक परिचय
  - ❖ मुगल साम्राज्य
  - ❖ राजस्थान की अर्थव्यवस्था
  - ❖ पृथ्वी के प्रमुख स्थलरूप
  - ❖ भारत: प्राकृतिक वनस्पति, वन्य जीव व वन्य जीव संरक्षण
  - ❖ राजस्थान में कृषि
  - ❖ भारतीय संविधान
  - ❖ राजस्थान का संविधान निर्माण में योगदान
  - ❖ राजस्थान में लोक प्रशासन

## • शैक्षणिक रीति विज्ञान •

**(अ) हिन्दी** **08 अंक**

- ❖ हिन्दी भाषा की शिक्षण विधियाँ
- ❖ भाषायी कौशल (सुनना, बोलना, पढ़ना एवं लिखना) एवं भाषायी कौशलों का विकास
- ❖ हिन्दी भाषा शिक्षण के उपागम
- ❖ हिन्दी शिक्षण में चुनौतियाँ
- ❖ हिन्दी शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री एवं उनका उपयोग
- ❖ हिन्दी शिक्षण की मूल्यांकन विधियाँ
- ❖ निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण

**(ब) English** **08 अंक**

- ❖ Principles of teaching english
- ❖ Communicative English language teaching
- ❖ Methods of Teaching English
- ❖ Difficulties in learning English (Role of home language multilingualism)
- ❖ Methods of evaluation, Remedial Teaching

**(स) गणित** **08 अंक**

- ❖ गणित विषय की शिक्षण विधियाँ
- ❖ गणित शिक्षण के उपागम
- ❖ गणित शिक्षण में चुनौतियाँ
- ❖ गणित शिक्षण सहायक सामग्री एवं उपयोग
- ❖ गणित शिक्षण की मूल्यांकन विधियाँ
- ❖ निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण

**(द) सामान्य विज्ञान** **08 अंक**

❖ विज्ञान की शिक्षण विधियाँ
❖ विज्ञान शिक्षण के उपागम
❖ विज्ञान शिक्षण सहायक सामग्री एवं उपयोग
❖ विज्ञान शिक्षण की मूल्यांकन विधियाँ
❖ निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण

**(य) सामाजिक अध्ययन** **08 अंक**

❖ सामाजिक अध्ययन की संकल्पना एवं प्रकृति
❖ सामाजिक अध्ययन में शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री
❖ सामाजिक अध्ययन में अध्यापन संबंधी समस्याएँ
❖ प्रायोजना कार्य
❖ सामाजिक अध्ययन में मूल्यांकन
❖ निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण

## SECTION-'5' • शैक्षणिक मनोविज्ञान • Marks-20

## [Educational Psychology]

- **शैक्षिक मनोविज्ञान :** अर्थ, क्षेत्र एवं कार्य [**Educational Psychology:** Meaning, Scope & Functions]
- **बाल विकास :** अर्थ, बाल विकास के सिद्धान्त एवं विकास को प्रभावित करने वाले कारक [**Child Develpment :** Meaning, Principles of Child Development & Factors Influencing Development]
- **बाल विकास में वंशानुक्रम एवं वातावरण का प्रभाव** [**Effect of Heredity & Environment in Child Development**]
- **व्यक्तित्व :** संकल्पना, प्रकार, व्यक्तित्व को प्रभावित करने वाले कारक और व्यक्तित्व मापन [**Personality :** Concepts, Types, Factors Affecting Personality & Measurement of Personality]
- **बुद्धि :** संकल्पना, विभिन्न बुद्धि सिद्धान्त एवं मापन [**Intelligence :** Concepts, Various Theories & Measurement]
- **अधिगम का अर्थ एवं अधिगम को प्रभावित करने वाले कारक** [**Meaning of Learning & Factors Affecting Learning**]
- **अधिगम के विभिन्न सिद्धान्त** [**Various Theories of Learning**]
- **अधिगम की विभिन्न प्रक्रियाएँ** [**Various Processes of Learning**]
- **विविध अधिगमकर्ता के प्रकार :** पिछड़े, विमंदित, प्रतिभाशाली, सर्जनशील, विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी इत्यादि। [**Diverse Learners :** Backward, Mentally Retarded, Gifted, Creative, Special Need Students etc.]
- **अधिगम में आने वाली कठिनाइयाँ** [**Learning Difficulties**]
- **अभिप्रेरणा एवं अधिगम में इसका प्रभाव** [**Motivation & Its Role in Learning**]
- **समायोजन की संकल्पना, तरीकें एवं समायोजन में अध्यापक की भूमिका** [**Concept of Adjustment, Methods of Adjustment & Role of Teacher in Adjustment**]

## SECTION-'6' • सूचना तकनीकी • Marks-10

## [Information Technology]

- **सूचना प्रौद्योगिकी के आधार** [**Fundamentals of Information Technology**]
- **सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण (टूल्स)** [**Tools of Information Technology**]
- **सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग** [**Applications of Information Technology**]
- **सूचना प्रौद्योगिकी के सामाजिक प्रभाव** [**Social Impacts of Information Technology**]

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

# Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम (कक्षा 1 से 5 तक के लिए) परीक्षा

# प्रैक्टिस पेपर-1

**गत वर्ष की परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों के कठिनाई एवं प्रश्नों की संख्या के स्तरानुसार जिस टॉपिक पर जितने प्रश्न पूछे गए हैं उन्हीं के अनुरूप ये सभी प्रैक्टिस पेपर बनाए गए हैं। इनको पढ़कर विद्यार्थी अपनी सफलता सुनिश्चित करें।**

**कुल प्रश्न : 150** | **समय : 150 मिनट** | **कुल अंक : 300**

प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः [A], [B], [C], [D] अंकित किया गया है।
अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है।
प्रत्येक गलत उत्तर का प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर या किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।

## प्रश्न : 50 राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा अंक : 100

**1. सीकर व झुंझुनूं जिलों में कांतली नदी के अपवाह क्षेत्र को कहा जाता है?**

(A) तोरावाटी (B) शेखावाटी
(C) बीड़ (D) मेरवाड़ा **[A]**

**व्याख्या—तोरावाटी**—सीकर व झुंझुनूं जिलों में कांतली नदी का अपवाह क्षेत्र।
**शेखावाटी**—मुख्यतः सीकर-झुंझुनूं-चूरू जिलों का क्षेत्र।
**बीड़**—चारागाह भूमियाँ।
**मेरवाड़ा**—अजमेर तथा राजसमंद का मेर जनजाति बाहुल्य क्षेत्र।

**2. राजस्थान का अधिकांश भाग किस जलवायु कटिबन्ध में स्थित है?**

(A) शीत कटिबंध (B) शीतोष्ण कटिबंध
(C) उष्ण कटिबंध (D) उप-आर्द्र कटिबंध **[B]**

**व्याख्या**—अक्षांशीय स्थिति जलवायु का प्रमुख नियंत्रण तत्व है। राजस्थान 23°3' से 30°12' उत्तरी अक्षांशों के मध्य स्थित है। 23½° उत्तरी अक्षांश (कर्क रेखा) राज्य के दक्षिणी हिस्सों डूँगरपुर-बाँसवाड़ा जिलों से गुजरती है। अतः राज्य का अधिकांश भाग शीतोष्ण कटिबंध में स्थित है। लेकिन उत्तर में हिमालय की अवस्थिति के कारण यहाँ ठण्डी हवाओं का प्रभाव नहीं पड़ता और अक्षांशीय दृष्टिकोण से अधिकांश भाग शीतोष्ण कटिबंध में होने के बावजूद जलवायु उष्ण बनी रहती है। उष्ण कटिबंधीय जलवायु के साथ न्यून वर्षा ने यहाँ के अधिकांश भागों में शुष्क एवं अर्द्धशुष्क जलवायु की दशाएँ उत्पन्न की है।

**3. अक्टूबर 2021 में राजस्थान की पाँचवी बाघ संरक्षण परियोजना घोषित की गई?**

(A) कुम्भलगढ़ (B) रामगढ़ विषधारी
(C) मुकन्दरा हिल्स (D) रणथम्भौर **[A]**

**व्याख्या**—वर्तमान में राजस्थान में 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत 5 टाइगर रिजर्व स्थापित किए गए है—

1. रणथम्भौर टाइगर रिजर्व - 1973-74 में स्थापित
2. सरिस्का टाइगर रिजर्व - 1978-79 में स्थापित
3. मुकन्दरा हिल्स टाइगर रिजर्व - 2013 में स्थापित
4. रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व - जुलाई 2021 में स्थापित
5. कुम्भलगढ़ टाइगर रिजर्व - अक्टूबर 2021 में स्थापित

**4. आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार राज्य में कुल घोषित वन क्षेत्र है?**

(A) 28,711.46 वर्ग किमी. (B) 32,864.62 वर्ग किमी.
(C) 33452.75 वर्ग किमी. (D) 34,311.92 वर्ग किमी. **[B]**

**व्याख्या**—आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार राज्य में कुल घोषित वन क्षेत्र 32,864.62 वर्ग किमी. है जो कि राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 9.60 प्रतिशत है।

**5. राजस्थान का सबसे बड़ा सोडियम सल्फेट संयंत्र किस झील पर लगाया गया है?**

(A) सांभर झील (B) डीडवाना झील
(C) पचपद्रा झील (D) लूणकरणसर झील **[B]**

**व्याख्या**—नागौर जिलें में डीडवाना कस्बे के निकट खारे पानी की डीडवाना झील 4 किमी. की लंबाई में फैली है। यहाँ राज्य का सबसे बड़ा सोडियम सल्फेट संयंत्र है। जिसमें औद्योगिक नमक का उत्पादन होता है। सल्फेट के कारण यहाँ का नमक खाने योग्य नहीं होता है।

**6. निम्नलिखित में से किस नदी पर जाखम बाँध का निर्माण किया गया है?**

(A) जाखम नदी (B) परवन नदी
(C) चम्बल नदी (D) जवाई नदी **[A]**

**व्याख्या**—जाखम नदी का निर्माण प्रतापगढ़ जिले के अनूपपुरा के पास जाखम नदी पर टी.एस.पी. जनजाति उपयोजना के अंतर्गत किया गया है। यह राजस्थान का सबसे ऊँचा बाँध (81 मीटर) है। यहाँ एक जलविद्युत गृह भी निर्मित किया गया है।

**7. चम्बल में दाँयी ओर से मिलने वाली सहायक नदी है?**
(A) पार्वती (B) कालीसिंध (C) बनास (D) मेज **[B]**
**व्याख्या**—चम्बल की प्रमुख सहायक नदियाँ कालीसिंध, पार्वती, ब्राह्मणी, मेज, बनास, कुराल, चाकण, ईज एवं आलनियाँ है। कालीसिंध का उद्गम स्थल बागली गाँव देवास (मध्य प्रदेश) के निकट विंध्याचल पर्वत है तथा झालावाड़ एवं बारां जिले में बहती हुई नानेरा (कोटा) के निकट चम्बल में मिल जाती है। यह चम्बल में दाँयी ओर से मिलने वाली सबसे लंबी सहायक नदी है। पार्वती नदी सिहोर (मध्य प्रदेश) से निकलकर बारां जिले में बहती हुई सवाईमाधोपुर जिले में पालिया के निकट चम्बल में मिल जाती है। ईज नदी भैंसरोड़गढ़ से निकलकर डाबी (बूँदी) में चम्बल में मिलती है।

**8. राजस्थान के किन जिलों में लाल-लोमी मृदा पायी जाती है?**
(A) डूँगरपुर, बांसवाड़ा एवं उदयपुर
(B) सवाईमाधोपुर, भीलवाड़ा, अजमेर एवं सिरोही
(C) भरतपुर, धौलपुर, दौसा एवं जयपुर
(D) कोटा, बूंदी, बारां एवं झालावाड़ **[A]**
**व्याख्या**—लाल-लोमी मृदा डूँगरपुर, बांसवाड़ा एवं उदयपुर जिले के मध्य व दक्षिणी भाग में विस्तृत है। इसमें लौह ऑक्साइड व पोटाश की अधिकता होती है। इस मिट्टी में मक्का, चावल, गन्ना आदि की खेती होती है।

**9. राजस्थान भारत के सर्वाधिक जनजाति जनसंख्या वाले राज्यों में कौनसे स्थान पर है?**
(A) पहले (B) दूसरे (C) तीसरे (D) चौथे **[D]**
**व्याख्या**—राजस्थान भारत के सर्वाधिक जनजाति जनसंख्या वाले राज्यों में चौथे स्थान पर है। राज्य में 2011 की जनगणना के अनुसार 9,238534 अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या निवास करती है। राज्य में अनुसूचित जनजाति राज्य की कुल जनसंख्या का 13.48% है। कुल जनजाति जनसंख्या का 94.6% भाग ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है।

**10. राजस्थान में वर्ष 2021-22 में कृषि क्षेत्र का सकल राज्य मूल्य वर्धन (G.S.V.A.) में योगदान (स्थिर मूल्यों पर) रहा?**
(A) 23.67% (B) 26.16%
(C) 28.85% (D) 30.23% **[C]**
**व्याख्या**—वर्ष 2021-22 में कृषि क्षेत्र का सकल राज्य मूल्य वर्धन (G.S.V.A.) में स्थिर मूल्यों (2011-12) पर योगदान 28.85 प्रतिशत रहा। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का G.S.V.A. स्थिर मूल्यों (2011-12) पर वर्ष 2017-18 में 1.49 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 1.95 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो कि 6.97% की वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है।

**11. राजस्थान में वर्तमान में कितने प्रकार के खनिजों का खनन किया जा रहा है?**
(A) 57 (B) 62 (C) 77 (D) 82 **[A]**
**व्याख्या**—देश में खनिजों की उपलब्धता और विविधता के मामले में राजस्थान सर्वाधिक समृद्ध राज्यों में से एक है। यहाँ 82 विभिन्न प्रकार के खनिजों के भण्डार हैं। इनमें से वर्तमान में 57 खनिजों का खनन किया जा रहा है।

**12. राजस्थान पर्यटन नीति 2020 की अनुपालना में गेस्ट हाउस स्कीम 2021 किस तिथि को लागू की गई?**
(A) 11 फरवरी, 2021 (B) 16 अप्रैल, 2021
(C) 27 सितम्बर, 2021 (D) 21 अक्टूबर, 2021 **[B]**
**व्याख्या**—राजस्थान पर्यटन नीति 2020 की अनुपालना में 16 अप्रैल, 2021 से गेस्ट हाउस स्कीम 2021 लागू की गई।

**13. राजस्थान में दिसम्बर 2021 तक ऊर्जा की अधिष्ठापित क्षमता कितनी मेगावॉट है?**
(A) 21077.64 मेगावॉट (B) 21175.90 मेगावॉट
(C) 21978.90 मेगावॉट (D) 23321.40 मेगावॉट **[D]**
**व्याख्या**—राज्य में मार्च 2021 तक ऊर्जा की अधिष्ठापित क्षमता 21979 मेगावॉट थी। अधिष्ठापित क्षमता में वर्ष 2021-22 में दिसम्बर 2021 तक 1342.50 मेगावॉट की वृद्धि हुई। इस प्रकार दिसम्बर 2021 तक अधिष्ठापित क्षमता बढ़कर 23321.40 मेगावॉट हो गई है।

**14. राजस्थान के सबसे छोटे राष्ट्रीय राजमार्ग 71B का नया नम्बर क्या है?**
(A) 52 (B) 752 (C) 758 (D) 919 **[D]**
**व्याख्या**—राज्य के सबसे छोटे राष्ट्रीय राजमार्ग का नया नम्बर 919 है। यह राज्य में अलवर जिले से गुजरता है, राज्य में इसकी कुल लम्बाई 5 किलोमीटर है।

**15. राजस्थान में सड़कों की सर्वाधिक लम्बाई वाला जिला कौनसा है?**
(A) धौलपुर (B) बाड़मेर (C) बीकानेर (D) जयपुर **[B]**
**व्याख्या**—राजस्थान में सड़कों की सर्वाधिक लम्बाई बाड़मेर जिले में तथा सड़कों की न्यूनतम लम्बाई धौलपुर में है।

**16. राजस्थान में 2011 में राज्य के औसत लिंगानुपात से कम लिंगानुपात रखने वाले कितने जिले हैं। (राज्य का औसत लिंगानुपात 928 है)—**
(A) 12 (B) 13 (C) 18 (D) 15 **[D]**
**व्याख्या**—जनगणना-2011 के अनुसार राजस्थान का लिंगानुपात 928 है। राज्य के औसत लिंगानुपात (928) से कम लिंगानुपात रखने वाले 15 जिले (गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, बूँदी एवं कोटा) है।

**17. राजस्थान में 2011 की जनगणना अनुसार ग्रामीण लिंगानुपात है—**
(A) 933 (B) 914 (C) 927 (D) 953 **[A]**
**व्याख्या**— जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य की लगभग 75% आबादी रहती है। राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगानुपात 933 है तथा शहरी क्षेत्रों में लिंगानुपात 914 है। राज्य का पाली जिला 1003 ग्रामीण लिंगानुपात के आधार पर प्रथम स्थान पर है तथा न्यूनतम ग्रामीण लिंगानुपात वाला जिला धौलपुर (841) है।

**18. बैराठ में जो पुरातात्विक अवशेष मिले हैं, वे किस काल से सम्बन्धित है?**
(A) मौर्यकाल (B) गुप्तकाल
(C) मध्यकाल (D) उत्तर-गुप्त काल **[A]**
**व्याख्या**— बैराठ या विराटनगर, (जयपुर) में सर्वप्रथम दयाराम साहनी के नेतृत्व में खुदाई की गई। यहाँ से पूर्व मौर्यकालीन एवं मौर्यकालीन सभ्यता के अवशेष मिले हैं।

**19. अनाज रखने के बड़े मृदभाण्ड जिन्हें 'गोरे व कोठ' कहा जाता था, किस प्राचीन सभ्यता से प्राप्त हुए?**
(A) ओझियाना (B) कालीबंगा
(C) जोधपुरा (D) आहड़ **[D]**

**व्याख्या**— आहड़ सभ्यता (उदयपुर) आयड़/बेड़च नदी के किनारे मौजूद थी जिसे ताम्रवती नगरी, आघाटपुर, धूलकोट आदि नामों से जाना जाता था। यह ताँबे की वस्तुएँ बनाने एवं काले-लाल मृदभाण्ड संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था। यहाँ से छः ताँबे की मुद्राएँ तथा ताँबा गलाने की भट्टी मिली है। आहड़ से अनाज रखने के मृदभाण्ड प्राप्त हुए है जिन्हें स्थानीय भाषा में 'गोरे व कोठ' कहा जाता है।

**20. ग्यारह कमरों वाला विशाल भवन राजस्थान के किस सभ्यता स्थल में पाया गया है?**

(A) कालीबंगा (B) आहड
(C) बालाथल (D) बैराठ **[C]**

**व्याख्या**— बालाथल (वल्लभ नगर-उदयपुर) सभ्यता की खोज 1962-63 में डॉ. वी.एन. मिश्र ने की थी। यहाँ उत्खनन कार्य 1993 ई. में डॉ. वी.एन. मिश्र के निर्देशन में किया गया। बालाथल के उत्खनन से वहाँ एक विशाल भवन के अवशेष मिले हैं, जिसमें 11 कमरे विद्यमान है इसका निर्माण संभवतः ताम्रपाषाण काल में हुआ है। यहाँ एक टीले के उत्खनन से ताम्र-पाषाणकालीन सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

**21. आठवीं से दसवीं शताब्दी तक राजस्थान में किस राजपूत वंश का वर्चस्व रहा?**

(A) चावड़ वंश का (B) प्रतिहार वंश का
(C) भाटी वंश का (D) परमार वंश का **[B]**

**व्याख्या**—मुहणोत नैणसी ने गुर्जर प्रतिहारों की 26 शाखाओं का उल्लेख किया है। इनमें गुर्जर प्रतिहारों की मण्डोर शाखा सबसे प्राचीन और महत्त्वपूर्ण थी। हरिश्चन्द्र इस शाखा का संस्थापक एवं गुरु था। घटियाला शिलालेखों (837 ई. तथा 861 ई.) के अनुसार हरिश्चन्द्र के दो पत्नियाँ थी एक ब्राह्मण तथा दूसरी क्षत्राणी। क्षत्राणी पत्नी का नाम भद्रा था, हरिश्चन्द्र को भद्रा से चार पुत्र हुए—भोगभट्ट, कदक, रज्जिल और दह, इन चारों ने मिलकर मण्डोर (माण्डव्यपुर) को जीत लिया और उसकी सुरक्षा के लिए प्राचीरों का निर्माण करवाया।

**22. हम्मीर ने सुल्तान अल्लाउद्दीन खिलजी के किस विद्रोही सेनापति को रणथम्भौर दुर्ग में शरण दी थी?**

(A) अमीर खाँ (B) मीर अलाबन्दे खाँ
(C) मीर जुबेर खाँ (D) मीर मुहम्मद शाह **[D]**

**व्याख्या**—हम्मीरदेव चौहान रणथम्भौर का शासक 1282 ई. में बना। राणा हम्मीर ने दिल्ली के शासक अलाउद्दीन खिलजी के विद्रोही मंगोल सेनानायको मुहम्मदशाह, इल्चक, कमरु एवं बर्क को शरण दी तथा लौटाने से इंकार कर दिया। इससे नाराज अलाउद्दीन ने 1303 ई. में रणथम्भौर पर आक्रमण कर हम्मीर देव को परास्त किया।

**23. राजस्थान का ऐतिहासिक जौहर किस किले में हुआ?**

(A) तारागढ़ (B) रणथम्भौर
(C) चित्तौड़गढ़ (D) कुम्भलगढ़ **[C]**

**व्याख्या**—अलाउद्दीन खिलजी को पद्मिनी के सौंदर्य के बारे में चित्तौड़ से निर्वासित **राघव चेतन** ने बताया, जिससे पद्मिनी को पाने के लिए अलाउद्दीन खिलजी ने 1303 ई. में चित्तौड़ पर आक्रमण कर दिया। अलाउद्दीन खिलजी की सेना द्वारा 8 माह तक चित्तौड़ दुर्ग पर घेरा डालने पर भी अभेद्य दुर्ग को नहीं जीत पाने पर खिलजी ने छलकपट से रत्नसिंह को बंदी बना लिया। राजपूत सरदार **गोरा व बादल** ने पालकियों में दासियों के वेश में राजपूत योद्धाओं को भेजकर रत्नसिंह को मुक्त कराया।1303 ई. में हुए घमासान युद्ध में रत्नसिंह के नेतृत्व में गोरा व बादल सहित राजपूत योद्धाओं ने केसरिया किया तथा पद्मिनी के नेतृत्व में राजपूत रानियों ने जौहर किया। यह '**चित्तौड़ का प्रथम साका**' कहलाता है।

**24. मेवाड़ राज्य के सामतों की श्रेणी कहलाती थी?**

(A) कोटड़ी (B) उमराव
(C) जीवणी (D) हजूरथी **[B]**

**व्याख्या**—मेवाड़ में सामंतों की तीन श्रेणियाँ थी, जिन्हें 'उमराव' कहा जाता था—
1. प्रथम श्रेणी के उमराव—इनकी संख्या 16 थी।
2. दूसरी श्रेणी के उमराव—इनकी संख्या 32 थी।
3. तृतीय श्रेणी के उमराव—ये कई सौ संख्या में हुआ करते थे।

**25. जोधपुर किले में 'पुस्तक प्रकाश' पुस्तकालय की स्थापना किसने की?**

(A) जसवंत सिंह (B) अजीत सिंह
(C) मानसिंह (D) तख्त सिंह **[C]**

**व्याख्या**—जोधपुर किले में 'पुस्तक प्रकाश' पुस्तकालय की स्थापना महाराजा मानसिंह ने की थी जो आज भी कार्यरत है। इसके अलावा मानसिंह ने इस दुर्ग के बाहरी प्रवेश द्वार जयपोल का निर्माण 1808 ई. के आसपास करवाया था। दूसरे बाहरी फतेहपोल द्वार का निर्माण महाराजा अजीतसिंह ने करवाया था।

**26. जलमहल किस झील के मध्य में स्थित है—**

(A) मानसागर झील (B) कायलाना झील
(C) झील फाय सागर (D) आनासागर झील **[A]**

**व्याख्या**— जयपुर से आमेर जाने वाले सड़क मार्ग पर मानसागर झील के मध्य जलमहल स्थित है। जलमहल के निर्माण का श्रेय सवाई जयसिंह को दिया जाता है। सवाई प्रतापसिंह द्वारा प्रवर्धित यह महल स्थापत्य, शिल्प एवं सौन्दर्य के कारण आकर्षण का केन्द्र है।

**27. निम्नलिखित कथनों में कौनसा कथन/कौनसे कथन हिन्दू त्योंहारों के बारे में सही है—**

I. अक्षय तृतीया—वैशाख मास की शुक्ल पक्ष तृतीया।
II. निर्जला एकादशी—ज्येष्ट मास की शुक्ल पक्ष एकादशी।
III. अक्षय तृतीया—चैत्र मास की शुक्ल पक्ष तृतीया।
IV. निर्जला एकादशी—आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष एकादशी।

कूटः (A) I और II (B) III और IV
(C) केवल III (D) I और IV **[A]**

**व्याख्या**—अक्षय तृतीया—वैशाख शुक्ल तृतीया
निर्जला एकादशी—ज्येष्ट शुक्ल एकादशी।

**28. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौनसा जिला 'कानन मेला' से सम्बन्धित है?**

(A) टोंक (B) करौली (C) बाड़मेर (D) उदयपुर **[C]**

**व्याख्या**—कानन मेला राजस्थान के बाड़मेर जिले में कानन स्थान पर लगता है। यह मेला गैर नृत्य का प्रमुख आकर्षण है।

**29. किस लोकनाट्य की प्रस्तुति के समय इसके मुख्य गीतों का सम्बन्ध चौमासा, वर्षा ऋतु का वर्णन एवं गणपति वन्दना से है?**

(A) स्वांग (B) रम्मत (C) भवाई (D) नौटंकी **[B]**

**व्याख्या**—रम्मत का अर्थ खेल होता है, इसे खेलने वाले '**खेलार**' या '**रम्मतिये**' कहलाते हैं। रम्मतिये ऐतिहासिक, पौराणिक व प्रेमाख्यानों को काव्य रचना के रूप में प्रस्तुत करते हैं। रम्मतें **होली के अवसर**

पर फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से चतुर्दशी तक **जैसलमेर, बीकानेर, पोकरण, फलौदी** क्षेत्रों में खेली जाती हैं। वाद्य यंत्र **नगाड़ा व ढोलक** प्रयुक्त होते हैं। रम्मत का मूल स्थान **जैसलमेर** माना जाता है।

**30. निम्न में से कौनसा तत् वाद्य नहीं है?**
(A) जंतर (B) रवाज़ (C) चौतारा (D) सतारा **[D]**

**व्याख्या**—प्रश्नगत दिये गये जंतर, रवाज़ तथा चौतारा तत् वाद्य है जिनमें तार लगे होते हैं तथा तारों के माध्यम से विभिन्न आवाजें निकाली जाती है। सतारा एक प्रकार का सुषिर वाद्य है जो हवा से फूँक देकर बजाया जाता है। सतारा अलगोजा, बाँसुरी तथा शहनाई का मिश्रित रूप है। इसमें अलगोजे की तरह दो लम्बी बाँसुरिया होती है।

**31. मंदिर स्थापत्य की 'भूमिज शैली' किस स्थापत्य शैली की उपशैली है?**
(A) नागर शैली (B) द्राविड़ शैली
(C) इण्डो पर्शियन शैली (D) बेसर शैली **[A]**

**व्याख्या**—मंदिर स्थापत्य के चरमोत्कर्षण के काल में मध्यप्रदेश तथा उत्तरी महाराष्ट्र में मंदिर निर्माण की नागर शैली के अंतर्गत एक विशिष्ट उपशैली का विकास हुआ जिसे भूमिज शैली का नाम दिया गया। इस शैली की विशेषता मुख्यतः उसके शिखर में परिलक्षित है। इसके शिखर के चारों ओर प्रमुख दिशाओं में एकान्डक शिखर की भाँति ऊपर से नीचे तक चैत्यमुख डिजाइन वाले जाल की पट्टियाँ होती है। राजस्थान में इस शैली का सबसे पुराना मंदिर सेवाड़ी का जैन मंदिर (पाली) है।

**32. श्री अब्दुल गफूर खाँ, इम्तियाज अली तथा अब्दुल रजाक कुरैशी किस क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं—**
(A) तारकशी (B) थेवा कार्य
(C) पीतल पर खुदाई (D) चमड़े पर पेन्टिंग **[C]**

**व्याख्या**—श्री अब्दुल गफूर खाँ, इम्तियाज अली तथा अब्दुल कुरैशी पीतल पर खुदाई हस्तकला क्षेत्र में प्रसिद्ध है। राजस्थान के जयपुर तथा अलवर में पीतल पर मीनाकारी का कार्य मुख्य रूप से होता है। पीतल के बर्तनों पर मुरादाबादी का काम भी जयपुर में किया जाता है। उदयपुर में सफेद मेटल के बड़े आकार के पशु-पक्षी, फर्नीचर आदि बड़े पैमाने पर बनते हैं तथा बालाहेड़ी (महुआ-दौसा) गाँव पीतल के ठप्पेदार बर्तनों के लिए प्रसिद्ध है।

**33. निम्न में से सिरोही प्रजामण्डल के संस्थापक कौन हैं?**
(A) माणिक्य लाल वर्मा (B) अर्जुन लाल सेठी
(C) श्री गोकुल भाई भट्ट (D) कृष्णदत्त पालीवाल **[C]**

**व्याख्या**—'**जमनालाल बजाज**' पुरस्कार 1982 से सम्मानित श्री गोकुल भाई भट्ट ने 1972 से 1981 तक मद्य निषेध के लिए अथक प्रयास किया। सन् **1948 ई.** में **राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन** के **स्वागताध्यक्ष** भट्ट जी ने सिरोही राज्य में प्रजामण्डल की स्थापना की एवं राजपूताना प्रांतीय देशी राज्य प्रजा परिषद के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया। **आबू का राजस्थान में विलय** इनके प्रयासों से हुआ।

**34. राजस्थान के एकीकरण प्रक्रिया के समय मत्स्य संघ की वार्षिक आय कितनी थी?**
(A) 184 लाख रुपए (B) 290 लाख रुपए
(C) 324 लाख रुपए (D) 26 लाख रुपए **[A]**

**व्याख्या**— अलवर, भरतपुर, धौलपुर व करौली सहित 4 रियासत व चीफशिप नीमराणा को मिलाकर 17 मार्च, 1948 को मत्स्य संघ का निर्माण किया गया। धौलपुर के महाराणा उदयभानसिंह को राजप्रमुख, करौली महाराजा गणेशपाल को उपराज प्रमुख तथा अलवर प्रजामण्डल के प्रमुख नेता शोभाराम को मत्स्य संघ का प्रधानमंत्री बनाया गया। मत्स्य संघ का क्षेत्रफल लगभग 12000 वर्ग किमी., जनसंख्या 18.38 लाख तथा वार्षिक आय 184 लाख रुपए थी।

**35. आचार्य तुलसी ने 'अणुव्रत आन्दोलन' का सूत्रपात कब किया?**
(A) 1942 ई. (B) 1949 ई.
(C) 1945 ई. (D) 1952 ई. **[B]**

**व्याख्या**— तेरापंथ के 9वें आचार्य श्री तुलसी का जन्म लाडनूँ (नागौर-राजस्थान) में हुआ। ग्यारह वर्ष की आयु में उन्होंने कालुग्रि से दीक्षा ग्रहण की। उन्होंने जैन आगम, न्याय, दर्शन आदि विषयों तथा संस्कृत प्राकृत, हिन्दी भाषा का ज्ञान प्राप्त किया। नैतिकता के उत्थान के लिए उन्होंने 1949 में अणुव्रत आन्दोलन का सूत्रपात किया। अणुव्रत का अर्थ है लघुव्रत।

**36. सुमेलित कीजिए—**

| | **सम्प्रदाय** | | **प्रमुख पीठ (गद्दी)** |
|---|---|---|---|
| (a) | गूदड सम्प्रदाय | I. | जोधपुर |
| (b) | नवल सम्प्रदाय | II. | दाँतडा (भीलवाड़ा) |
| (c) | चरणदासी सम्प्रदाय | III. | दिल्ली |
| (d) | अलखिया सम्प्रदाय | IV. | बीकानेर |

| **कूट—** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | I | III | IV |
| (C) | II | III | I | IV |
| (D) | I | IV | III | II |

**[B]**

**व्याख्या**—

1. गूदड सम्प्रदाय — दाँतडा (भीलवाड़ा) - संतदासजी
2. नवल सम्प्रदाय — जोधपुर - नवलदास जी
3. चरणदासी सम्प्रदाय — दिल्ली - चरणदास जी
4. अलखिया सम्प्रदाय — बीकानेर - स्वामी लाल गिरी

**37. देलवाड़ा स्थित 'आदिनाथ मंदिर' का निर्माण किसने करवाया?**
(A) बघेला राजा कर्ण (B) विमलशाह
(C) चन्द्रगुप्त मौर्य (D) संप्रति **[B]**

**व्याख्या**—माउण्ट आबू सिरोही में देलवाड़ा के प्रसिद्ध जैन मंदिर है **यहां 5 मंदिरों** का समूह है। **आदिनाथ मंदिर**—भगवान ऋषभदेव के इस मंदिर का निर्माण गुजरात के चालुक्य राजा भीमदेव के मंत्री **विमलशाह** ने प्रसिद्ध शिल्पकार कीर्तिधर के निर्देशन में करवाया था। यह यहाँ का सबसे बड़ा व प्रसिद्ध मंदिर है जिसे विमलवसहि जैन मंदिर भी कहते है।

**38. किस देवी को कभी मांस का भोग नहीं लगाया गया?**
(A) शिला देवी (B) कैला देवी
(C) वर्णित दोनों कथन (D) इनमें से कोई नहीं **[B]**

**व्याख्या**—**करौली** के यदुवंश (यादव राजवंश) की कुलदेवी **कैलादेवी** पूर्वी राजस्थान की एक प्रमुख आराध्य देवी हैं। ऐसी मान्यता है कि द्वापर युग में जब कंस ने वासुदेव-देवकी को मथुरा के कारागृह में बंद किया तो उस समय कंस ने वासुदेव की **आठवीं संतान (कन्या)** का वध करना चाहा। वास्तव में वह कन्या योगमाया का अवतार थी, अत: अन्तर्धान हो गई। वही कन्यारूप देवी **करौली** में **कालीसिल नदी** के किनारे **त्रिकूट पर्वत** पर **कैलादेवी** के रूप में विराजमान है। कैलादेवी का लक्खी मेला प्रतिवर्ष **चैत्र शुक्ल अष्टमी** को भरता है।

**39. माधोसिंह व गोविन्द सिंह का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस किसान आन्दोलन से था—**
(A) बिजौलिया किसान आन्दोलन
(B) मेवाड़ भील आन्दोलन
(C) बेगू किसान आन्दोलन
(D) अलवर किसान आन्दोलन **[D]**

व्याख्या— माधोसिंह व गोविन्द सिंह का सम्बन्ध अलवर किसान आन्दोलन से था। अलवर राज्य के किसान आन्दोलनों को तीन भागों में बाँटा गया है जिसमें नीमूचाणा हत्याकाण्ड, मेव आन्दोलन तथा प्रजामण्डल किसान आन्दोलन है। अक्टूबर, 1924 में माधोसिंह व गोविन्द सिंह के नेतृत्व में आन्दोलन प्रारम्भ हुआ।

**40. मारवाड़ में 'दामणी' क्या था?**
(A) ओढ़नी का एक प्रकार (B) कलात्मक जूतियाँ
(C) एक राजस्व कर (D) सिंचाई करने का औजार **[A]**

व्याख्या—दामणी अथवा दामडी मारवाड़ क्षेत्र की महिलाओं द्वारा प्रयुक्त लाल रंग की ओढ़नी है जिसमें धागों से कसीदाकारी होती है।

**41. कौनसा आभूषण नाक का आभूषण नहीं है—**
(A) लौंग (B) नथ
(C) चोप (D) मांदलिया **[D]**

व्याख्या—बेसरी, नथ, चोप, जीधा, लोंग, फीणी, चूनी, लटकन, भंवरिया आदि महिलाओं के नाक के आभूषण हैं, जबकि मांदलिया आभूषण महिलाओं के गले में पहना जाता है।

**42. 'चिडावा का गाँधी' किसे कहा गया है?**
(A) सरदार हरलाल सिंह (B) सेठ घनश्याम दास बिड़ला
(C) मास्टर प्यारेलाल गुप्ता (D) राधाकृष्ण बोहरा **[C]**

व्याख्या— 1922 ई. में प्यारेलाल गुप्ता ने खेतड़ी ठिकाने के चिड़ावा कस्बे में अमर सेवा समिति की स्थापना की। उन्हें 'चिड़ावा के गांधी' के नाम से जाना जाता है।

**43. मंदिरों और स्थानों के निम्नलिखित जोड़ों में से किस जोड़े का सही मिलान नहीं हुआ है?**
(A) ओसियाँ मंदिर-जोधपुर (B) सालासर मंदिर-चूरू
(C) रणकपुर मंदिर-पाली (D) जगदीश मंदिर-भीलवाड़ा **[D]**

व्याख्या—

| मंदिर | स्थान |
|---|---|
| ओसियाँ मंदिर— | जोधपुर |
| सालासर मंदिर— | चूरू |
| रणकपुर मंदिर | पाली |
| जगदीश मंदिर— | उदयपुर |

जगदीश मंदिर का निर्माण महाराणा जगतसिंह ने 1651 में उदयपुर में करवाया था। मंदिर में प्रतिष्ठापित चार हाथ वाली विष्णु की मूर्ति काले पत्थर से बनी है।

**44. प्रतापगढ़, अजबगढ़, थानागाजी और बलदेव गढ़ में बोली जाने वाली भाषा है—**
(A) नहेड़ा मेवाती (B) कठेर मेवाती
(C) भयाना मेवाती (D) आरेज मेवाती **[A]**

व्याख्या—राजस्थान की मेवाती बोली में कठेर मेवाती, भयाना मेवाती, आरेज मेवाती, नहेड़ा मेवाती, बीछेता मेवाती एवं खड़ी मेवाती बोलियों को सम्मिलित किया जाता है। नहेड़ा मेवाती बोली प्रतापगढ़, अजबगढ़, थानागाजी और बलदेवगढ़ क्षेत्रों में बोली जाती है। यह बोली जयपुरी बोली से अत्यधिक प्रभावित है।

**45. 'मेवाड़ पुकार' 21 सूत्री माँग पत्र का सम्बन्ध किससे था?**
(A) मोतीलाल तेजावत (B) माणिक्य लाल वर्मा
(C) विजय सिंह पथिक (D) साधु सीताराम दास **[A]**

व्याख्या—'आदिवासियों का मसीहा' (बावजी) कहे जाने वाले स्वतंत्रता सेनानी मोतीलाल तेजावत ने 1920 में चित्तौड़गढ़ स्थित 'मातृकुण्डिया' नामक स्थान पर 'एकी आन्दोलन' प्रारम्भ किया जिसके माध्यम से सर्वप्रथम भीलों में राजनैतिक जागृति पैदा हुई। इन्होंने भीलों पर होने वाले अत्याचारों से 21 माँगे जिन्हें 'मेवाड़ पुकार' कहा गया महाराणा की सेवार्थ प्रस्तुत की।

**46. कायलाना झील कहाँ स्थित है?**
(A) जोधपुर (B) उदयपुर
(C) सवाई माधोपुर (D) बीकानेर **[A]**

व्याख्या—जोधपुर राजपरिवार के सर प्रताप द्वारा निर्मित इस झील के किनारे माचिया सफारी मृगवन एवं वानस्पतिक मरु उद्यान के रूप में 'माचिया जैविक उद्यान' स्थापित है। इंदिरा गाँधी नहर से कायलाना झील में राजीव गाँधी लिफ्ट नहर के जरिए वॉटर सप्लाई किया जाता है। कायलाना झील से जोधपुर शहर को जलापूर्ति की जाती है।

**47. वनस्थली विद्यापीठ से सम्बन्धित थी—**
(A) रतन शास्त्री (B) महिमा देवी
(C) कस्तूरबा गाँधी (D) नारायणी देवी **[A]**

व्याख्या— वनस्थली विद्यापीठ (टोंक) की संचालिका श्रीमती रतन शास्त्री का जन्म मध्यप्रदेश में 15 अक्टूबर, 1912 को हुआ। इनका विवाह शास्त्रीजी के साथ हुआ। 1929 में शास्त्रीजी द्वारा स्थापित 'जीवन कुटीर' में रतन शास्त्री एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जुड़ी तथा समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई।

**48. राजस्थान की संस्कृति में 'मुगधणा' क्या है—**
(A) माताजी को मेंहदी चढ़ाकर मेहमानों में बाँटना।
(B) वधू को मूँग और घी खिलाना।
(C) लाख की चूड़ियाँ जिसमें चाँदी की कड़ी पिरोई जाती है।
(D) भोजन पकाने के लिए लकड़ियाँ जो विनायक स्थापना के पश्चात् लाई जाती है। **[D]**

व्याख्या—राजस्थान संस्कृति में 'मुगधणा' भोजन पकाने के लिए प्रयोग में ली जाने वाली लकड़ियाँ है, जो विनायक स्थापना के पश्चात् लाई जाती है।

**49. मुहणौत नैणसी का प्रसिद्ध ग्रन्थ है—**
(A) बातां री फुलवारी (B) मुहणौत नैणसी री ख्यात
(C) मुहणौत नैणसी री बातें (D) उक्त कोई नहीं **[B]**

व्याख्या—जोधपुर नरेश जसवंत सिंह प्रथम के दीवान मुंता (मुहणोत) नैणसी कुशल वक्ता एवं राजभक्त थे। इनकी दो प्रसिद्ध रचनाएँ हैं—'मुहणोत नैणसी री ख्यात' एवं 'जोधपुर राज्य का गजेटियर'।

**50. 'पृथ्वीराज विजय' की रचना किसने की?**
(A) जयानक (B) मलिक मोहम्मद जायसी
(C) चन्दबरदाई (D) उक्त कोई नहीं। **[A]**

व्याख्या—पृथ्वीराज विजय एक प्राचीन संस्कृत ग्रंथ है इसकी रचना कश्मीरी पं. जयानक ने की। इस ग्रंथ से पृथ्वीराज तृतीय के बारे में जानकारी मिलती है। इस ग्रंथ में चौहान राजाओं के वंशक्रम का वर्णन किया गया है।

**प्रश्न : 40 राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय अंक : 80**

**51. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है?**
(A) टोंक (B) बीकानेर (C) जयपुर (D) जोधपुर **[A]**
**व्याख्या**—केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान की स्थापना भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) द्वारा **1962** में की गयी। यह संस्थान **भेड़** तथा **खरगोशों** पर अनुसंधान, प्रशिक्षण और विस्तार गतिविधियों में लगा हुआ है।

**52. राजस्थान का राज्य वृक्ष है?**
(A) नीम (B) खेजड़ी (C) पीपल (D) अरडू **[B]**
**व्याख्या**—राजस्थान का राज्य वृक्ष खेजड़ी है। राज्य सरकार द्वारा **31 अक्टूबर 1983** को खेजड़ी को राज्य वृक्ष घोषित किया गया। राज्य में खेजड़ी का वृक्ष पश्चिमी राजस्थान में सर्वाधिक पाया जाता है। खेजड़ी का वानस्पतिक नाम **प्रोसोपिस सिनेरेरिया** है।

**53. राजस्थान के राज्य-पुष्प रोहिड़ा का वैज्ञानिक नाम क्या है—**
(A) लिलियम (B) टेकोमेला अंडुलेटा
(C) हेलियनथस (D) साइडियम गुआजवा **[B]**
**व्याख्या**—राज्य सरकार ने रोहिड़ा को **31 अक्टूबर, 1983** को राज्य पुष्प घोषित किया। रोहिड़ा का वानस्पतिक नाम **टिकोमेला-अंडुलेटा** है।

**54. चिकित्सा विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए दवाईयाँ, शल्य चिकित्सा औजार और टांके की खरीद के लिए एक केन्द्रीय खरीद एजेन्सी के रूप में गठन किया गया है—**
(A) आर.एस.एम.सी. (B) आर.एस.एम.एम.एल.
(C) जे.आई.सी.ए. (D) सी.एम.आर.ई.टी.ए.सी. **[A]**
**व्याख्या**—**राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन** (आर.एस.एम.सी) का गठन चिकित्सा विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए दवाईयां, शल्य चिकित्सा औजार और टांके की खरीद के लिए एक **केन्द्रीय खरीद एजेन्सी** के रूप में किया गया है।

**55. मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 में आवश्यक दवा सूची में कितनी नई औषधियों को शामिल किया गया है?**
(A) 2 (B) 4 (C) 6 (D) 8 **[A]**
**व्याख्या**—वर्ष 2021-22 में आवश्यक दवा सूची में 2 नई औषधियों को शामिल किया गया हैं एवं 4 औषधियों को विलोपित किया गया हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सा संस्थानों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 6 दवाईयों की श्रेणियों में परिवर्तन किया गया है।

**56. उदयपुर के निकट एकलिंग जी मंदिर किस शासक ने बनवाया था?**
(A) राणा कुम्भा (B) राणा सांगा
(C) राणा उदयसिंह (D) बप्पा रावल **[D]**
**व्याख्या**—एकलिंग मंदिर का निर्माण बप्पा रावल ने 734 ई. में कराया था। मेवाड़ के महाराणा एकलिंग जी के दीवान कहलाते है। शिवरात्रि को यहाँ विशाल मेले का आयोजन होता है।

**57. राजस्थान के निम्न में से किस खिलाड़ी का संबंध तीरंदाजी से है?**
(A) कृष्णा पूनिया (B) अपूर्वी चंदेला
(C) रजत चौहान (D) सतीश जोशी **[C]**
**व्याख्या**—राजस्थान के खिलाड़ी रजत चौहान का संबंध तीरंदाजी से है।

**58. माउंट आबू में निम्नलिखित में से कौनसा जैन मंदिर स्थित है?**
(A) कामाख्या (B) दिलवाड़ा
(C) महावीर (D) रणकपुर **[B]**
**व्याख्या**—माउण्ट आबू सिरोही में देलवाड़ा के प्रसिद्ध जैन मंदिर है **यहां 5 मंदिरों** का समूह है जो इस प्रकार है—
1. **आदिनाथ मंदिर**—भगवान ऋषभदेव के इस मंदिर का निर्माण गुजरात के चालुक्य राजा भीमदेव के मंत्री **विमलशाह** ने प्रसिद्ध शिल्पकार कीर्तिधर के निर्देशन में करवाया था।
2. **नेमीनाथ मंदिर**—इस मंदिर का निर्माण चालुक्य राजा वीर धवल के मंत्री **तेजपाल व वास्तुपाल** ने प्रसिद्ध शिल्पी **शोभनदेव** के निर्देशन में करवाया। इस मंदिर को **लूणवसही मंदिर** भी कहा जाता है।
3. पीतलहर आदीश्वर मंदिर
4. खरतरवसही मंदिर
5. महावीर स्वामी का मंदिर

**59. राजस्थान का विधानसभा कहाँ स्थित है—**
(A) अल्बर्ट हॉल रोड, कोटा (B) किशनपोल, बीकानेर
(C) आमेर, जयपुर (D) लालकोठी, जयपुर **[D]**
**व्याख्या**—राजस्थान का विधानसभा लालकोठी, जयपुर में स्थित है।

**60. निम्नलिखित में से राज्य का वास्तविक कार्यपालिका प्रधान कौन है?**
(A) राज्यपाल (B) मुख्यमंत्री
(C) मंत्रिमंडल (D) मुख्य सचिव **[B]**
**व्याख्या**—संविधान के अनुसार संसदीय व्यवस्था में राज्यपाल राज्य का संवैधानिक (सैद्धान्तिक) प्रमुख होता है परन्तु वास्तविक (व्यावहारिक) प्रमुख मुख्यमंत्री होता है। अर्थात **राज्यपाल राज्य का मुखिया** होता है जबकि **मुख्यमंत्री सरकार का।**

**61. राजस्थान में गुरु वशिष्ठ पुरस्कार किस वर्ष से प्रदान किया जा रहा है?**
(A) 1985–86 (B) 1986–87
(C) 1977–78 (D) 2000–01 **[A]**
**व्याख्या**—क्रीड़ा परिषद ऐसे खेल प्रशिक्षकों को भी ''वशिष्ठ पुरस्कार'' से सम्मानित करती है जो राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को तराश कर योग्य खिलाड़ी बनाते हैं। वर्ष **1985-86** से यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। गुरु वशिष्ठ पुरस्कार में प्रशिक्षकों को वर्तमान में रु. **5 लाख की नकद राशि**, गुरु वशिष्ठ की ब्रास प्रतिमा, ब्लेजर मय टाई एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है।

**62. जालौर जिले का वह नगर जहाँ पर 7वीं सदी में चीनी यात्री ह्वेनसांग आया था?**
(A) भीनमाल (B) ईसरदा
(C) बदनोर (D) चावण्ड **[A]**
**व्याख्या**—जालौर जिले में स्थित भीनमाल का सम्बन्ध प्राचीन इतिहास से रहा है। संस्कृत के प्रख्यात **कवि माघ** ने अपने ग्रंथ **शिशुपाल वध**

की रचना यहीं की थी। चीनी यात्री **ह्वेनसांग** ने भीनमाल की यात्रा की थी। भीनमाल में सुण्डा पर्वत पर राजस्थान का प्रथम रोप वे 2006 में बनाया गया।

**63. राजस्थान में 'गोल्डन सिटी' के नाम से प्रसिद्ध नगर है?**

(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) जैसलमेर (D) बीकानेर **[C]**

**व्याख्या**—**'गोल्डन सिटी'** (सुवर्ण नगरी) के नाम से लोकप्रिय जैसलमेर पाकिस्तान की सीमा और थार रेगिस्तान के निकट पश्चिमी राजस्थान और भारत के सीमा प्रहरी के रूप में कार्य करता है।

**64. राजस्थान के किस जिले में दिलवाड़ा जैन मंदिर स्थित है?**

(A) भीलवाड़ा (B) हनुमानगढ़
(C) सिरोही (D) टोंक **[C]**

**व्याख्या**—माउण्ट आबू सिरोही में देलवाड़ा के प्रसिद्ध जैन मंदिर है **यहाँ 5 मंदिरों** का समूह है जो इस प्रकार है—

1. **आदिनाथ मंदिर**—भगवान ऋषभदेव के इस मंदिर का निर्माण गुजरात के चालुक्य राजा भीमदेव के मंत्री **विमलशाह** ने प्रसिद्ध शिल्पकार कीर्तिधर के निर्देशन में करवाया था।
2. **नेमीनाथ मंदिर**—इस मंदिर का निर्माण चालुक्य राजा वीर धवल के मंत्री **तेजपाल व वास्तुपाल** ने प्रसिद्ध शिल्पी **शोभनदेव** के निर्देशन में करवाया। इस मंदिर को **लूणवसही मंदिर** भी कहा जाता है।
3. पीतलहर आदीश्वर मंदिर
4. खरतरवसही मंदिर
5. महावीर स्वामी का मंदिर

**65. गोगाजी के गुरु कौन थे?**

(A) गुरु गोरखनाथ (B) पाबू जी
(C) माव जी (D) देव जी **[A]**

**व्याख्या**—राजस्थान के प्रमुख लोकदेवता, जिनका जन्म चौहान राजपूत परिवार में 1033 ई. में ददरेवा (चूरू) में हुआ। हिन्दुओं में इन्हें 'सर्प देवता' एवं मुसलमानों में 'गोगापीर' के रूप में पूजते हैं। इन्होंने गजनी के शासक महमूद गजनवी से युद्ध किया था, गजनवी ने ही इनके चमत्कारों से प्रभावित हो इन्हें 'जाहरपीर' कहा था।

**66. विमलशाह द्वारा निर्मित प्रसिद्ध जैन मंदिर कहाँ स्थित है?**

(A) रणकपुर (B) पाली
(C) ओसियाँ (D) देलवाड़ा **[D]**

**व्याख्या**—माउण्ट आबू सिरोही में देलवाड़ा के प्रसिद्ध जैन मंदिर है **यहां 5 मंदिरों** का समूह है जो इस प्रकार है—

1. **आदिनाथ मंदिर** 2. **नेमीनाथ मंदिर**
3. पीतलहर आदीश्वर मंदिर 4. खरतरवसही मंदिर
5. महावीर स्वामी का मंदिर

**आदिनाथ मंदिर**—भगवान ऋषभदेव के इस मंदिर का निर्माण गुजरात के चालुक्य राजा भीमदेव के मंत्री **विमलशाह** ने प्रसिद्ध शिल्पकार कीर्तिधर के निर्देशन में करवाया था। यह यहाँ का सबसे बड़ा व प्रसिद्ध मंदिर है जिसे विमलवसहि जैन मंदिर भी कहते है। कर्नल जेम्स टॉड ने इस मंदिर के संदर्भ में कहा था कि **''भारतवर्ष के भवनों में ताजमहल के बाद यदि कोई भवन है तो वह विमलशाह का मंदिर है।''**

**67. SIQE कार्यक्रम के उद्देश्य हैं—**

(A) बालकेन्द्रित शिक्षण के द्वारा बालक को सीखने के पर्याप्त अवसर प्रदान करना
(B) बच्चों में परीक्षा के भय को दूर करना
(C) गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना
(D) उपरोक्त सभी **[D]**

**व्याख्या**—**SIQE** कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य निम्न है—

(1) बालकेन्द्रित शिक्षण के द्वारा बालक को सीखने के पर्याप्त अवसर प्रदान करना।
(2) बच्चों में परीक्षा के भय को दूर करना।
(3) गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना।
(4) बच्चों में सृजनात्मक एवं मौलिक चिन्तन का विकास करना।
(5) स्तरानुसार शिक्षण योजना बनाकर शिक्षण कार्य करते हुए शैक्षिक प्रगति को नियमित रूप से दर्ज करना।

**68. राजस्थान में सीमेन्ट उद्योग के स्थानीयकरण का प्रमुख कारक कौनसा है?**

(A) बाजार
(B) कच्चे माल की उपलब्धता
(C) शक्ति संसाधनों की उपलब्धता
(D) प्रशिक्षित श्रमिक **[B]**

**व्याख्या**—राजस्थान में सीमेन्ट उद्योग के स्थानीयकरण का प्रमुख कारक कच्चे माल की उपलब्धता है। राज्य में सीमेन्ट उद्योग का सकेन्द्रण मुख्यत: चित्तौड़गढ़, बूँदी, कोटा, उदयपुर, सिरोही, सवाई-माधोपुर, जोधपुर तथा अजमेर जिलों में हैं। क्योंकि इन जिलों में सीमेंट उद्योग के लिए आवश्यक कच्चा माल चूना पत्थर, खडिया, जिप्सम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

**69. मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना वर्तमान में राजस्थान के कितने कृषि जलवायुविक खण्डों में क्रियान्वित की जा रही है?**

(A) तीन (B) पाँच (C) सात (D) दस **[D]**

**व्याख्या**—मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना का प्रारम्भ 2017 में किया गया। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य कृषकों द्वारा स्वयं के खेतों में अच्छी किस्म के बीज निर्माण को बढ़ावा देना है। प्रारम्भ में इस योजना का क्रियान्वयन राज्य के तीन कृषि जलवायुविक खण्डों यथा-कोटा, भीलवाड़ा तथा उदयपुर में किया गया परन्तु वर्ष **2018-19** से योजना **राज्य के समस्त 10 कृषि जलवायुविक खण्डों** में क्रियान्वित की जा रही है। इस योजनान्तर्गत गेहूं, जौ, चना, ज्वार, सोयाबीन, मूंग, मोठ, मूंगफली एवं उड़द की 10 वर्ष से कम अवधि तक की पुरानी किस्मों के बीज उत्पादन को शामिल किया गया है।

**70. राजस्थान की पहली कपड़ा मिल-कृष्णा मिल, ब्यावर की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी—**

(A) 1906 में (B) 1925 में
(C) 1938 में (D) 1889 में **[D]**

**व्याख्या**—कृषि आधारित उद्योगों में सूती-वस्त्र उद्योग सबसे बड़ा उद्योग है। राजस्थान में **प्रथम सूती** वस्त्र की मिल **''दी कृष्णा मिल्स लि., ब्यावर (अजमेर)''** निजी क्षेत्र में **''सेठ दामोदर दास राठी''** द्वारा स्थापित की गयी। इसकी स्थापना 1889 में की गयी थी तथा इनके सहयोगी श्याम जी कृष्ण वर्मा थे।

**71. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन राज्य में सर्वप्रथम जयपुर व अलवर जिलों में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में कब से संचालित किया गया?**

(A) 2010-11 (B) 2012-13
(C) 2015-16 (D) 2019-20 **[A]**

**व्याख्या**—CCE का प्रारम्भ पायलेट **प्रोजेक्ट के रूप में 2010-11** में हुआ तथा **सत्र 2015-16** से राज्य के समस्त समन्वित राजकीय विद्यालयों में इसे लागू किया। CCE का **मुख्य उद्देश्य** किसी भी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों के वास्तविक शैक्षिक स्तर का पता लगाना है ताकि बच्चों को कक्षा अनुसार तथा उनके शैक्षिक स्तर के अनुसार कार्य योजना बनाकर गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जा सके।

**72. CCE के मुख्य घटक कौन से हैं?**

(A) सतता (B) व्यापकता
(C) गुणात्मकता (D) A व B दोनों **[D]**

**व्याख्या**—सतत् व व्यापक मूल्यांकन के दो महत्त्व पूर्ण **घटक** हैं

1. **सतत् (Continuous)**—इसमें बच्चों का मूल्यांकन नियमित रूप से अर्थात् सत्र पर्यन्त किया जाता है।
2. **व्यापकता (Comprehensive)**—मूल्यांकन की प्रक्रिया शैक्षिक तथा सहशैक्षिक सभी क्षेत्रों से सम्बन्धित होती है तथा बालकों के शैक्षिक स्तर के अनुसार अलग-अलग विधियाँ काम में ली जाती हैं।

**73. विद्यालय प्रबंधन समिति के उद्देश्य कौन-कौन से है?**

(A) विद्यालय के कार्यों की मॉनिटरिंग करना
(B) विद्यालय विकास योजना बनाना
(C) भामाशाहो से सहयोग प्राप्त करना
(D) उपरोक्त सभी **[D]**

**व्याख्या**—विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रमुख उद्देश्य निम्न है—

(1) विद्यालय के कार्यों की मॉनिटरिंग करना
(2) विद्यालय विकास योजना बनाना
(3) भामाशाहो से सहयोग प्राप्त करना
(4) दानदाताओं से आर्थिक सहायता/दान प्राप्त करना।

**74. विद्यालय प्रबंधन समिति की साधारण सभा के सदस्य कौन-कौन हो सकते हैं?**

(A) विद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी के माता-पिता
(B) विद्यालय में कार्यरत प्रत्येक शिक्षक
(C) विद्यालय परिक्षेत्र में निवास करने वाला सरपंच/जिला प्रमुख
(D) उपरोक्त सभी **[D]**

**व्याख्या—विद्यालय प्रबन्धन समिति की साधारण सभा के सदस्य निम्न है—**

1. सम्बन्धित विद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी/बालक के माता-पिता या संरक्षक (माता एवं पिता दोनों के जीवित न होने की स्थिति में संरक्षक)
2. विद्यालय में कार्यरत प्रत्येक शिक्षक
3. विद्यालय परिक्षेत्र में निवास करने वाला सरपंच/जिला प्रमुख

**75. राजकीय विद्यालयों में किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता हेतु नि:शुल्क सेनेटरी नेपकीन वितरण किस योजना के तहत वितरित की जा रही है—**

(A) आई. एम. शक्ति उड़ान योजना
(B) बाल गोपाल योजना
(C) चुप्पी-तोड़ो अभियान
(D) आपणी लाडो योजना **[A]**

**व्याख्या**—राजकीय विद्यालयों में किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता हेतु नि:शुल्क सेनेटरी नेपकीन वितरण योजना का प्रारम्भ 8 मार्च 2016 को किया गया। **आई एम शक्ति उड़ान योजना** के तहत राज्य के समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को प्रतिमाह प्रति छात्रा 12 सेनेटरी नेपकीन नि:शुल्क वितरित की जाती है।

**76. राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किस वर्ष से शुरू की गई?**

(A) 2016 (B) 2017 (C) 2018 (D) 2019 **[A]**

**व्याख्या**—प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना **खरीफ, 2016** से प्रारम्भ की गई है। इस योजना में खाद्यान्न फसलों (अनाज, मोटा अनाज और दालें), तिलहन और वाणिज्यिक/बागवानी फसलों को शामिल किया गया है। कृषक से प्रीमियम राशि के अन्तर्गत खरीफ फसल में 2 प्रतिशत, रबी में 1.5 प्रतिशत एवं वाणिज्यिक/बागवानी फसलों के लिए 5 प्रतिशत लेकर फसल का बीमा किया जा रहा है।

**77. जिला कलेक्टर वह धुरी है जिसके चारों ओर जिला प्रशासन घूमता है। उसकी कई प्रशासनिक भूमिकाएँ होती हैं। निम्न में से कौनसी उससे संबंधित नहीं है?**

(A) राजस्व कार्य एवं जिला विकास अधिकारी
(B) उपखण्ड का सर्वोच्च अधिकारी
(C) जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला अधिकारी
(D) जिला निर्वाचन एवं जनगणना अधिकारी **[B]**

**व्याख्या**—जिला कलेक्टर जिला प्रशासन की **रीढ़/धुरी** कहलाता है तथा जिला प्रशासन का **मुखिया** होने के कारण जिला स्तर पर सरकार की **आँख, कान** तथा **बाँहों** के भांति कार्य करता है। जिला कलेक्टर पद पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के अधिकारी को लगाया जाता है।

**78. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सामान्य अध्यापक छात्र अनुपात की दर क्रमश: क्या रखी गयी है?**

(A) 30 : 1 (B) 25 : 1
(C) 1 : 30 (D) 1 : 25 **[C]**

**व्याख्या**—प्रत्येक स्कूल में छात्र शिक्षक अनुपात **30 : 1** से कम हो तथा सामाजिक आर्थिक रूप से वंचित बच्चों की अधिकता वाले क्षेत्रों की स्कूलों में छात्र शिक्षक अनुपात 25 : 1 से कम हो

- ✧ सम्बन्धित विद्यालय का प्रत्येक अध्यापक/प्रबोधक।
- ✧ सम्बन्धित कार्यक्षेत्र में निवास करने वाले जिला प्रमुख/प्रधान/सरपंच/नगर पालिका अध्यक्ष।
- ✧ संबंधित कार्यक्षेत्र में निवास करने वाले समस्त जिला परिषद सदस्य, नगर पालिका पार्षद/पंचायत समिति सदस्य/वार्ड पंच।
- ✧ समिति की कार्यकारिणी समिति में निर्वाचित/मनोनीत शेष सदस्य जो उपरोक्त में शामिल नहीं हो।

**79. बच्चों के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा कानून, 2009 के निम्नांकित में से किस भाग को बच्चों के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा कानून, 2019 द्वारा संशोधित किया गया—**

(A) भाग 16 (B) भाग 17
(C) भाग 15 (D) भाग 14 **[A]**

व्याख्या—निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का बाल अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 पर राष्ट्रपति महोदय द्वारा 10 जनवरी 2019 को हस्ताक्षर के बाद इसे **1 मार्च 2019** से लागू किया गया जिसमें मूल अधिनियम की धारा **16 के उपनियम 1, 2, 3, 4** को प्रतिस्थापित किया तथा धारा 38 में संशोधन किया। धारा 16 में नवीन संशोधन इस प्रकार हैं–

(1) **धारा 16 (1)** : प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के अंत में कक्षा 5 तथा कक्षा 8 की नियमित रूप से परीक्षा होगी।

(2) **धारा 16 (2)** : यदि कोई बालक कक्षा 5 व कक्षा 8 में फेल हो जाता है तो उसे अतिरिक्त निर्देशन दिया जाएगा और परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की तारीख से 2 माह के भीतर पुनः परीक्षा का मौका दिया जाएगा।

(3) **धारा 16 (3)** : यदि बालक पुनः परीक्षा में फेल हो जाता है तो समुचित सरकार उसे कक्षा 5 व 8 में रोक सकती है। परन्तु समुचित सरकार बालक को प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण होने तक किसी भी कक्षा में नहीं रोकने का निश्चय भी कर सकती है।

(4) **धारा 16 (4)** : किसी भी बालक को प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करने तक विद्यालय से निष्कासित नहीं किया जा सकेगा।

**80. राजस्थान सरकार द्वारा RTE Act 2009 की किस धारा के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर ''राजस्थान निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम-2011'' बनाये—**

(A) धारा 21 (B) धारा 38
(C) धारा 29 (D) धारा 30 **[B]**

व्याख्या—''निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार, अधिनियम-2009 (2009 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या 35) की **धारा-38** के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा RTE Act 2009 के प्रावधानों को लागू करने हेतु ''राजस्थान निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2011'' बनाया जिसे **29 मार्च 2011** को अधिसूचित किया गया। इस अधिनियम में **10 भाग** एवं **29 नियमों** का उल्लेख है।

**81. निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की किस धारा में गैर-सरकारी विद्यालयों द्वारा 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश का प्रावधान है?**

(A) 18(1) (क) (B) 12(1) (क)
(C) 12(1) (ग) (D) 18(1) (ग) **[C]**

व्याख्या—निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, राजस्थान में 1 अप्रैल 2010 से लागू हुआ। इस अधिनियम की **धारा 12(1) (ग)** के अनुसार राज्य में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को अपनी **एन्ट्री लेवल कक्षा** की **25 प्रतिशत** सीट्स पर **''दुर्बलवर्ग''** एवं **''असुविधाग्रस्त समूह''** के बालक-बालिकाओं को प्रवेश देकर कक्षा 8 तक निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवानी होगी

**82. राज्य सरकार द्वारा पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्तियाँ किस वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाती है?**

(A) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति
(B) अल्पसंख्यक, विशेष पिछड़ा वर्ग
(C) अस्वच्छ कार्य में संलग्न परिवार के बच्चे
(D) उपरोक्त सभी **[D]**

व्याख्या—राज्य सरकार द्वारा पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्तियाँ-अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, विशेष पिछड़ा वर्ग, अस्वच्छ कार्य में संलग्न परिवार के बच्चे आदि वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाती है।

**83. जिला परिषद का अध्यक्ष कौन होता है?**

(A) जिला प्रमुख (B) प्रधान
(C) लोक सभा सदस्य (D) जिलाधीश **[A]**

व्याख्या—जिला परिषद का अध्यक्ष जिला प्रमुख होता है। इसका निर्वाचन निर्वाचित सदस्यों द्वारा बहुमत के आधार पर अपने में से ही किया जाता है।

**84. राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य (प्रधान) पीठ कहां है?**

(A) उदयपुर (B) जयपुर
(C) जोधपुर (D) अजमेर **[C]**

व्याख्या—राजस्थान उच्च न्यायालय का मुख्यालय जोधपुर में तथा इसकी एक **स्थाई पीठ (बेंच) 31 जनवरी 1977** को **जयपुर** में स्थापित की गयी।

**85. मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना का प्रारम्भ कब हुआ?**

(A) 2015 (B) 2017 (C) 2018 (D) 2020 **[B]**

व्याख्या—मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना का प्रारम्भ 2017 में किया गया। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य कृषकों द्वारा स्वयं के खेतों में अच्छी किस्म के बीज निर्माण को बढ़ावा देना है। प्रारम्भ में इस योजना का क्रियान्वयन राज्य के तीन कृषि जलवायुविक खण्डों यथा-कोटा, भीलवाड़ा तथा उदयपुर में किया गया परन्तु वर्ष **2018-19** से योजना **राज्य के समस्त 10 कृषि जलवायुविक खण्डों** में क्रियान्वित की जा रही है। इस योजनान्तर्गत गेहूं, जौ, चना, ज्वार, सोयाबीन, मूंग, मोठ, मूंगफली एवं उड़द की 10 वर्ष से कम अवधि तक की पुरानी किस्मों के बीज उत्पादन को शामिल किया गया है।

**86. वर्तमान में अधीनस्थ कर्मचारी बोर्ड के अध्यक्ष कौन है?**

(A) संजय कुमार श्रोत्रिय (B) हरिप्रसाद शर्मा
(C) डी.बी.गुप्ता (D) मधुकर गुप्ता **[B]**

व्याख्या—राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) का नया अध्यक्ष **हरि प्रसाद शर्मा को 30 जनवरी 2021** को नियुक्त किया गया।

**87. राजस्थान का सागवान कौन सा वृक्ष है?**

(A) रोहिड़ा (B) खेजड़ी
(C) खैर (D) बबूल **[A]**

व्याख्या—**राजस्थान के राज्य पुष्प रोहिड़ा के उपनाम**—

✧ राजस्थान का सागवान, मरुस्थल का सागवान
✧ राजस्थान की मरुशोभा
✧ मारवाड़ का टीक/मरुटीक (जोधपुर में)

**88. बालकों का निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में, ऐसे बालक जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विकलांग, सामाजिक व शैक्षिक पिछड़ा वर्ग और ऐसे ही अन्य समूह से सम्बन्धित हैं, परिभाषित है—**

(A) विशिष्ट पिछड़ा वर्ग में
(B) गरीबी रेखा से नीचे (बी.पी.एल.) में
(C) आर्थिक पिछड़ा वर्ग में
(D) असुविधाग्रस्त समूह में (वंचित समूह में) **[D]**

व्याख्या—**असुविधाग्रस्त समूह से संबंधित बालक से आशय**—SC/ST/सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के बालक, निःशक्त

बच्चे या समुचित सरकार द्वारा घोषित तथा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक, भाषा एवं लिंग के आधार पर घोषित असुविधाग्रस्त समूह के बालक।

**89. राजस्थान के निम्नलिखित में से कौन से संवैधानिक पदाधिकारी राज्यपाल द्वारा नियुक्त किये जाते हैं, लेकिन उन्हें राज्यपाल द्वारा उनके पद से नहीं हटाया जा सकता है—**

1. महाधिवक्ता
2. राज्य निर्वाचन आयुक्त
3. राजस्थान लोकसेवा आयोग के सदस्य

(A) 1, 2 (B) 2, 3
(C) 1, 3 (D) 1, 2, 3 **[B]**

**व्याख्या**—राज्य लोक सेवा आयोग (RPSC) के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति **(परन्तु अध्यक्ष व सदस्यों को राष्ट्रपति द्वारा ही संविधान में विहित प्रक्रिया से हटाया जा सकता है)** राज्यपाल करता है। राज्यपाल ही 'राज्य निर्वाचन आयुक्त' तथा राज्य वित्त आयोग की नियुक्ति, सेवा शर्तें तथा कार्यकाल का निर्धारण करता है।

**90. निम्न में से कौनसा राजस्थान का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है—**

(A) मुख्य सचिव (B) प्रमुख शासन सचिव
(C) मुख्यमंत्री (D) मंत्रिमण्डल सचिव **[A]**

**व्याख्या**—मुख्य सचिव राजस्थान का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है। राज्य प्रशासन में मुख्य सचिव **सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी** होता है तथा शासन सचिवालय का **प्रशासनिक मुखिया** होता है। मुख्य सचिव ही राज्य मंत्रिपरिषद का मंत्रिमण्डल सचिव भी (Cabinet Secretary) होता है।

**प्रश्न : 25 विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) अंक : 50**

## हिन्दी

**91. निम्न में से द्रव्यवाचक संज्ञा का उदाहरण है—**

(A) सोना-चाँदी (B) कामधेनु
(C) सुंदरता (D) क्रोध **[A]**

**व्याख्या:** उपरोक्त में से द्रव्यवाचक संज्ञा का उदाहरण 'सोना-चाँदी' है।

**द्रव्यवाचक संज्ञा**—कुछ संज्ञा शब्द ऐसे द्रव्य या पदार्थों का बोध कराते हैं जिनसे अनेक वस्तुएँ बनती हैं। द्रव्य या पदार्थ का बोध कराने वाले संज्ञा को **'द्रव्यवाचक संज्ञा'** कहा जाता है। जैसे—स्टील, लोहा, पीतल, प्लास्टिक, लकड़ी आदि।

**92. निम्न में से स्वर-संधि से निर्मित शब्द नहीं है—**

(A) अत्याचार (B) उत्थान
(C) भानूदय (D) शम्भ्वाराधना **[B]**

**व्याख्या:** उपरोक्त विकल्पों में स्वर संधि युक्त शब्द अत्याचार, भानूदय एवं शम्भ्वाराधना हैं। परन्तु उत्थान शब्द में व्यंजन संधि है। अति + आचार,
अत् + इ + आचार,
अत् + य् + आचार = अत्याचार (यण्)
उद् + थान
उत् + थान = उत्थान (व्यंजन)
भानु + उदय
भान् + उ + उ + दय
भान् + ऊ + दय = भानूदय (दीर्घ)
शम्भु + आराधना
शम्भ् + उ + आराधना
शम्भ् + व् + आराधना = शम्भ्वाराधना (गुण)

**93. इनमें से कौन-सा कथन पूरी तरह तत्पुरुष समास से संबंधित है?**

(A) इसमें पूर्व पद प्रधान होता है।
(B) इसमें पूर्व पद संख्यावाची होता है।
(C) इसमें प्रायः उत्तर पद प्रधान होता है।
(D) इसमें पूर्व पद अव्यय होता है। **[C]**

**व्याख्या:** इसमें प्रायः उत्तर पद प्रधान होता है। कथन पूरी तरह तत्पुरुष समास से संबंधित है। अन्य विकल्पों की पहचान इस प्रकार है—

| पहचान | समास |
|---|---|
| पूर्व पद प्रधान होता है | अव्ययी भाव |
| इसमें पूर्व पद संख्यावाची होता है | द्विगु |
| इसमें पूर्व पद अव्यय होता है | अव्ययीभाव |

**94. किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?**

(A) पुष्ट (B) प्रर्याप्त
(C) प्रदर्शिनी (D) ब्रजभाषा **[D]**

**व्याख्या:** दिए गए शब्दों में से 'ब्रजभाषा' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है, शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं। पुष्ट - पृष्ठ, अर्याप्त - पर्याप्त, प्रदर्शिनी - प्रदर्शनी।

**95. निम्नलिखित में से क्रम भंग संबंधी अशुद्धि वाला वाक्य है—**

(A) अधिकतर हिन्दी के लेखक निर्धन हैं।
(B) सहकारिता का अर्थ मिलजुल कर काम करना है।
(C) हम रात में भोजन करते है।
(D) यह आप पर निर्भर है। **[A]**

**व्याख्या:** वाक्य 'अधिकतर हिन्दी के लेखक निर्धन हैं।' में कुछ क्रमभंग संबंधी अशुद्धि है। इसका शुद्ध रूप "हिन्दी के अधिकतर लेखक निर्धन हैं" है।

## अंग्रेजी

**96. Vasco Da Gama was ................ first European sailor to come to India.**

(A) only (B) the (C) a (D) very **[B]**

**Exp. :** Ans. (B) is correct. Superlative degree के विशेषण के पहले definite article 'The' आता है।

**97. 'He <u>howled</u> with happiness.' The underlined verb is in ................. tense.** [REET-2022]

(A) Present Simple (B) Present Perfect
(C) past Simple (D) Past Perfect **[C]**

**Exp. :** Ans. (C) is correct. We use second form of the verb in the past simple tense.

**98. Choose the correct option to fill the blank in the sentence given below:**
**The wounded man ............. by some boys.** [REET 2022]

(A) were being helped (B) are being helped
(C) was being helped (D) will being helped **[C]**

**Exp. :** Ans. (C) is correct. Past continuous के passive voice में was + being + third form आती है।

**99. The saint chanted, "God is great". The indirect speech of this sentence is** [REET 2022]

(A) The saint said that God is great.
(B) The saint told that God was great.
(C) The saint said why God is great.
(D) The saint said whether God is great. **[A]**

**Exp. :** Ans. (A) is correct. यह कथन सनातन सत्य है इसलिए Tense नहीं बदलेगा।

**100. No one ............ to offer help.** [RPSC-2019]

(A) came across (B) came forward
(C) came upon (D) came on **[B]**

**Exp.:** Ans. (B) is correct. came forward सही Phrasal Verb है।

## गणित

**101. कोई राशि 2 वर्षों में ₹5182 हो जाती है और 3 वर्षों में ₹5832 यदि साधारण ब्याज की गणना वार्षिक रूप से की जाए तो मूलधन है—**

(A) ₹2000 (B) ₹5000 (C) ₹3882 (D) ₹4000 **[C]**


**व्याख्या—**मूलधन $= \frac{at_2 - bt_1}{t_2 - t_1}$

जहाँ a = 5182, b = 5832,
$t_1$ = 2 वर्ष,
$t_2$ = 3 वर्ष

अतः मूलधन $= \frac{5182 \times 3 - 5832 \times 2}{3 - 2}$

= ₹3882 उत्तर

**102. चित्र से ∠AOB, ∠COD एवं ∠EOF ज्ञात कीजिए—**




(A) 25°, 30°, 45° (B) 30°, 40°, 55°
(C) 45°, 60°, 75° (D) 45°, 60°, 85° **[C]**

**व्याख्या—**∵ ∠BOC = 5x°, ∠DOE = 3x°,
∠EOF = ∠BOC (शीर्षाभिमुख कोण)
∴ ∠EOF = 5x°
∵ ∠DOC = ∠AOF (शीर्षाभिमुख कोण)
∴ ∠DOC = 4x°

अब ∠AOB + ∠BOC + ∠DOE + ∠EOF + ∠FOA = 360°
3x° + 5x° + 4x° + 3x° + 5x° + 4x° = 360°
या 24x° = 360°

या $x° = \frac{360}{24} = 15°$

अतः ∠AOB = 3x° = 15 × 3 = 45°
∠COD = 4x° = 15 × 4 = 60° एवं
∠EOF = 5x° = 15 × 5 = 75° होंगे। उत्तर

**103. एक व्यापारी के पास तीन प्रकार के दूध तीन मात्राओं 435 ली, 493 ली और 551 ली में है। उसे पूरा दूध बिना मिलाए भरने के लिए एक ही माप के कम से कम कितने बर्तन चाहिए?**

(A) 51 (B) 61 (C) 47 (D) 45 **[A]**

**व्याख्या—**चूँकि कम-से-कम डिब्बों की आवश्यकता है, इसलिए डिब्बों का माप बड़ा होना चाहिए, तीनों डिब्बों का माप भी एक-सा है।

अत: डिब्बों का माप 435, 493 और 551 का म.स. होगा, जो कि 29 है।

∴ वांछित डिब्बे = (493 + 435 + 551) ÷ 29 = 51 हैं।

**104. एक समकोण त्रिभुज का आधार 5 एकक है और कर्ण 13 एकक है, तो क्षेत्रफल है—**

(A) 15 वर्ग एकक (B) 30 वर्ग एकक
(C) 12 वर्ग एकक (D) 60 वर्ग एकक **[B]**


**व्याख्या—**पाइथागोरस प्रमेय से—

$AB = \sqrt{AC^2 - BC^2}$

$= \sqrt{13^2 - 5^2}$

$= \sqrt{169 - 25}$

AB = 12 एकक




समकोण Δ ABC का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2} \times AB \times BC$

$= \frac{1}{2} \times 12 \times 5$

= 30 वर्ग एकक

**105. एक व्यक्ति के वेतन को 50% कम करने के बाद घटे हुए वेतन में 70% की वृद्धि की गयी। उस व्यक्ति को कितना प्रतिशत लाभ या हानि हुई?**

(A) 11% (B) 15% (C) 18% (D) 20% **[B]**

**व्याख्या—**माना कि उसका वेतन ₹ 100 है

50% कम करने पर वेतन = ₹ 100 – 50 = ₹ 50

70% वृद्धि करने पर वेतन = 50 + 50 का 70%

$= 50 + 50 \times \frac{70}{100}$

= 50 + 35 = 85

मूल वेतन से कमी = 100 – 85 = ₹ 15 उत्तर

अतः 15% हानि हुई हैं।

## सामान्य विज्ञान

**106. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध अम्लीय वर्षा से है—**

(A) वर्षा जल की pH 5.6 से कम
(B) वर्षा जल की pH 5.7 से 6.8 तक
(C) वर्षा जल की pH 7
(D) वर्षा जल की pH 7 से अधिक **[B]**

व्याख्या—वर्षा का जल शुद्ध जल माना जाता है जिसकी pH 7 होती है। परन्तु प्रदूषण के कारण आजकल इसकी pH कम होने लगी है जो 5.7 से 6.8 तक होती है। इस प्रकार की वर्षा को अम्लीय वर्षा कहते हैं। इससे फसल, जीव एवं पूरा पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है।

**107. निम्नलिखित किस कारण से लोहे में जंग लग जाता है?**

**I. ऑक्सीकरण II. अपचयन**
**III. ऑक्सीजन के साथ रासायनिक अभिक्रिया**
**IV. CO2 के साथ रासायनिक अभिक्रिया**


(A) I और II (B) II और III
(C) III और IV (D) I और III **[D]**

व्याख्या—नमी और ऑक्सीजन की उपस्थिति में ऑक्सीकरण की अभिक्रिया के फलस्वरूप लोहे की वस्तुओं की ऊपरी सतह पर एक लाल-भूरे रंग की परत जम जाती है। यह लाल भूरे रंग की परत फेरिक ऑक्साइड ($Fe_2O_3$) की होती है।

**108. एक वस्तु किसी उत्तल लेंस के 2F1 पर रखी है, उसका प्रतिबिम्ब बनेगा—**

(A) $2F_1$ और लेंस के मध्य (B) $2F_2$ और लेंस के मध्य
(C) $2F_2$ पर (D) $F_2$ पर **[C]**

व्याख्या—उत्तर लेंस में वस्तु जब $2F_1$ पर होती है तो प्रतिबिम्ब $2F_2$ पर बनेगा।




**109. निम्न में से प्राथमिक लैगिंक अंग है—**

(A) वृषण (B) अण्डाशय
(C) वृषण कोष (D) A व B दोनों **[D]**

व्याख्या—नर में प्राथमिक लैगिंग अंग वृषण कहलाते हैं जो शुक्राणु निर्माण के लिए उत्तरदायी होते हैं एवं मादा में प्राथमिक लैंगिक अंग अंडाशय होता है जो अंडाणु का निर्माण करता है एवं एस्ट्रोजन व प्रोजेस्टेरोन हार्मोन का निर्माण करते हैं।

**110. एक वयस्क मानव के वृषण में शुक्राणु का निर्माण करने वाली शुक्रजननीय (Spermatogenic) अवस्थाओं का सही क्रम है—**

(A) स्पर्मेटोसाइट-स्पर्मेटोगोनिया-स्पर्मेटिड-शुक्राणु
(B) स्पर्मेटोगोनिया-स्पर्मेटोसाइट-स्पर्मेटिड-शुक्राणु
(C) स्पर्मेटिड-स्पर्मेटोसाइट-स्पर्मेटोगोनिया-शुक्राणु
(D) स्पर्मेटोगोनिया-स्पर्मेटिड-स्पर्मेटोसाइट-शुक्राणु **[B]**

व्याख्या—शुक्राणु निर्माण का सही क्रम निम्न प्रकार से है—
शुक्राणुजन (Spermatogonia) → शुक्राणु कोशिका (Spermatocyle) → प्रशुक्राणु (Spermatid) → शुक्राणु (Sperm)
शुक्राणुजन कोशिकाएँ शुक्रवाहिनियों की अन्तःभित्ति में उपस्थित होते हैं, जहाँ इनकी संख्या समसूत्री विभाजन द्वारा बढ़ती है। शुक्राणु कोशिका, शुक्राणुजन कोशिका में अर्द्धसूत्री विभाजन द्वारा निर्मित होती हैं। द्वितीयक शुक्राणुजन कोशिका द्वितीयक अर्द्धसूत्री विभाजन द्वारा विभाजित होकर अगुणित स्पर्मेटिड प्रशुक्राणु का निर्माण करती हैं। ये प्रशुक्राणु की शुक्रकायान्तरण द्वारा शुक्राणुओं में परिवर्तित हो जाते हैं।

## सामाजिक अध्ययन

**111. रजिया सुल्तान को किस वर्ष गद्दी से हटाया था—**

(A) 1236 में (B) 1238 में
(C) 1240 में (D) 1242 में **[C]**

व्याख्या— रजिया सुल्तान इल्तुतमिश की पुत्री थी उसने 1236 से 1240 ई. तक दिल्ली सल्तनत पर शासन किया। रजिया सुल्तान प्रथम मुस्लिम महिला थी जिसने शासन की बागडोर सँभाली। रजिया की हत्या 13 अक्टूबर, 1240 को डाकुओं के द्वारा कैथल (हरियाणा) के पास कर दी गई।

**112. राज्य में प्रचलित कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में कितनी है**

(A) 1,35,218 (B) 1,45,118
(C) 1,12,216 (D) 1,16,118 **[A]**

व्याख्या— प्रचलित कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय 2021-22 में 1,35,218 अनुमानित की गई है जो पिछले साल 16.63% की वृद्धि को दर्शाती है।

**113. उष्ण कटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वनों में कौनसी वनस्पति पाई जाती है?**

(A) सागवान, सखुआ, शीशम, आम, बाँस
(B) महोगनी, आबूनस, सिनकोना, रबर
(C) तेंदु, पलाश, बेर, चन्दन, आम
(D) बबूल, खैर, खजूर, नागफनी **[A]**

व्याख्या—यह 100 से 200 सेमी. वर्षा वाले क्षेत्र में मिलते है। मुख्य क्षेत्र— सह्याद्रि के पूर्वी ढलान, प्रायद्वीप के उत्तर-पूर्वी पठारी भाग, शिवालिक के सहारे भाबर व तराई प्रदेश है। ये मानसूनी वन है। यहाँ के प्रमुख पेड़ सागवान सखुआ, शीशम, आम, महुआ, बाँस, खैर, त्रिफला व चंदन है।

**114. भारत में सम्पत्ति के अधिकार के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?**

(A) यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300A के अधीन एक कानूनी अधिकार है।
(B) यह एक प्रथागत अधिकार है।
(C) यह एक नैसर्गिक अधिकार है
(D) इनमें से कोई नहीं **[A]**

व्याख्या—44वें संशोधन द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को संविधान के मूल अधिकार से हटाकर इसे वैधानिक अधिकार बना दिया गया है। संविधान के अनुच्छेद 300A के तहत किसी व्यक्ति को उसकी सम्पत्ति से विधि के प्राधिकार से ही वंचित किया जायेगा अन्यथा नहीं।

**115. भारत में विशालतम नदीमुख भूमि (डेल्टा) कौनसी है—**

(A) सुंदरबन नदीमुख-भूमि (डेल्टा)
(B) महानदी की नदीमुख-भूमि (डेल्टा)
(C) गोदावरी नदी की नदीमुख-भूमि (डेल्टा)

(D) कावेरी नदी की नदीमुख-भूमि (डेल्टा) [A]

व्याख्या— गंगा-ब्रह्मपुत्र का डेल्टा विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा माना जाता है। इसका विस्तार हुगली और मेघना नदियों के बीच है। सुन्दरी वृक्ष की अधिकता से यह 'सुन्दर वन डेल्टा' कहलाता है।

## प्रश्न : 20 शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) अंक : 40

### हिन्दी

**116. आगमन विधि में छात्र अग्रसर होता है—**

(A) विशिष्ट से सामान्य की ओर
(B) सामान्य से विशिष्ट की ओर
(C) सामान्य से सामान्य की ओर
(D) विशिष्ट से विशिष्ट की ओर [A]

व्याख्या: आगमन विधि में ज्ञात उदाहरणों के माध्यम से सामान्य नियम का निर्धारण किया जाता है। इसमें बालक अपने पूर्व ज्ञान से सीखता है। यह विधि ज्ञात से अज्ञात व विशिष्ट से सामान्य की ओर सिद्धान्त पर आधारित है।

**117. निम्न में से किस छात्र के लिए उपचारात्मक शिक्षण प्रासंगिक नहीं है—**

(A) वह बालक जो प्रतिभाशाली है लेकिन बीमारी के कारण किसी प्रकरण विशेष में पिछड़ गया है।
(B) वह बालक जो सृजनशील है तथा उसका उपलब्धि स्तर बहुत अच्छा है।
(C) वह बालक जो शरारती/अपराधी/मानसिक रूप से पिछड़ा है।
(D) वह बालक जो बहुत कमजोर है एवं जिसका प्रत्येक विचार न्यून अधिगम स्तर का है। [B]

व्याख्या: जिस बालक का उपलब्धि स्तर बहुत अच्छा है, उसके लिए उपचारात्मक शिक्षण प्रासंगिक नहीं है। जिस प्रकार इलाज बीमार व्यक्ति का होता है, उसी प्रकार वंचित, पिछड़े बालक के लिए उपचारात्मक शिक्षण प्रासंगिक है।

**118. बहु-माध्यम में एनीमेशन के माध्यम से क्या कार्य किया जाता है—**

(A) इसमें चित्रों की एक श्रृंखला होती है जिसमें प्रत्येक चित्र को एक निश्चित समयांतराल के बाद अगले चित्र से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है।
(B) इसमें टेक्स्ट के माध्यम से सूचनाओं को प्रस्तुत करते हैं।
(C) इसमें आइकन छूकर जानकारी प्राप्त की जाती है।
(D) इसके लिए विशेष हार्डवेयर की जरूरत होती है जो आसानी से नहीं मिलता। [A]

व्याख्या: बहु-माध्यम में एनीमेशन स्थिर लेखा चित्र का एक ऐसा समूह होता है जिसे एक के बाद एक लगातार इस तरह दिखाया जाता है कि चित्र में गति का आभास हो।

**119. जब कर्ता एक क्रिया समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त होता है तब पहली क्रिया क्या कहलाती है?**

(A) सहायक क्रिया (B) नामबोधक क्रिया
(C) पूर्वकालिक क्रिया (D) भूतकालिक क्रिया [C]

व्याख्या: जब कर्ता एक क्रिया समाप्त कर उसी क्षण दूसरी किया में प्रवृत्त होता है तब पहली क्रिया **पूर्वकालिक क्रिया** कहलाती है। जैसे-उसने नहाकर भोजन किया। इसमें नहाकर पूर्वकालिक क्रिया है क्योंकि इसमें नहाने की क्रिया की समाप्ति के साथ ही भोजन करने की क्रिया का बोध होता है।

### अंग्रेजी

**120. The fundamental order of listening, speaking, reading and writing should be followed; it is the general characteristic of :** [REET 2022]

(A) Principles of selection
(B) Principles of gradation
(C) Principles of habit formation
(D) Follow the natural way [D]

Exp. : Ans. (D) is correct.

**121. Communicative approach to English teaching means:** [REET 2022]

(A) Informal approach
(B) Group competence
(C) Communicative competence
(D) Communicative appearance [C]

Exp.: Ans. (C) is correct.

**122. In which method Mother tongue dominates in the teaching of English?** [REET 2022]

(A) Direct method
(B) Dr. Michael West's New method
(C) Translation cum Grammar method
(D) Principles of Controlled vocabulary [C]

Exp.: Ans. (C) is correct. Translation cum Grammar method में mother tongue (मातृभाषा) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

**123. The process of finding out the extent to which the desired changes have taken place in the pupils.**

(A) On line lectures [REET 2022]
(B) Evaluation
(C) Co-curricular activities
(D) All of these [B]

### गणित

**124. निम्न में से कौन-सी गणित पाठ योजना की विशेषता नहीं है—**

(A) यह छात्रों को तत्काल सुधारात्मक उपाय करने की आदत विकसित करने में मदद करता है।
(B) यह शिक्षकों को बच्चों की सीखने की कठिनाईयों का पूर्वाभास करने और उनसे निपटने में मदद करता है।
(C) यह शिक्षण को व्यवस्थित और सुव्यवस्थित बनाता है।
(D) यह शिक्षक को बच्चों की सीखने की जरूरतों और क्षमताओं के बारे में अंतर्दृष्टि विकसित करने में मदद करता है। [A]

व्याख्या—यह शिक्षण को व्यवस्थित और सुव्यवस्थित बनाता है। यह शिक्षक को बच्चों की सीखने की जरूरतों और क्षमताओं के बारे में अंतर्दृष्टि करने में मदद करता है। यह शिक्षकों को बच्चों की सीखने की कठिनाईयों का पूर्वाभास करने और उनसे निपटने में मदद करता है।

**125. एक ऐसी योजना जो यह जानने का प्रयास करती है कि विद्यार्थी**

**कितना समझे हैं और इस आधार पर यह तय किया जा सके कि प्रत्येक की व्यक्तिगत अथवा वर्ग की आवश्यकता के अनुसार भविष्य का शिक्षण तय हो सके, कहलाता है—**

(A) योगात्मक आकलन (B) सूचनात्मक आकलन
(C) निदानात्मक आकलन (D) परीक्षण **[C]**

**व्याख्या**—उपलब्धि परीक्षण से जहाँ शिक्षार्थियों के उपलब्धि स्तर का पता लगाया जाता है वहीं निदानात्मक परीक्षण द्वारा यह पता लगाया जाता है कि शिक्षार्थी को किस विषय को समझने में कठिनाई का अनुभव होता है। निदानात्मक परीक्षण में व्यक्तिगत कमजोरियों और सामूहिक कमजोरियों के कारणों को ज्ञात किया जाता है।

**126.गणित के शिक्षण में जीन पियाजे के ढाँचे को शामिल करने के लिए शिक्षक को सम्मिलित करना चाहिए—**

(A) कक्षा में समूहों में विचार विमर्श करना।
(B) केवल आयु-विशेष समस्या समाधान कार्य।
(C) समुदायों में योजनाबद्ध भ्रमण।
(D) एक अवधारणा को पढ़ाने के लिए पर्याप्त मात्रा में हस्त कौशल सामग्री से कार्य करना। **[D]**

**व्याख्या**—जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत से पता चलता है कि बच्चे मानसिक विकास के चार अलग-अलग चरणों से गुजरते हैं। किसी अवधारणा के स्पष्टीकरण के लिए पर्याप्त मात्रा में हस्त कौशल अधिगम का प्रयोग करना चाहिए।

**127.विद्यार्थियों में गणित अधिगम का मूल्यांकन करने के लिए निम्न में से कौन-सी योजना वांछनीय है—**

(A) विद्यार्थियों की अपने उत्तरों को समर्थन देने की क्षमता मूल्यांकन का महत्त्वपूर्ण आधार होना चाहिए।
(B) गणितीय शब्द संग्रह का विकास मूल्यांकन का आधार होना चाहिए।
(C) गणितीय शब्द संग्रह का विकास मूल्यांकन का आधार नहीं होना चाहिए।
(D) विद्यार्थियों के अशुद्ध उत्तरों की उपेक्षा करनी चाहिए। **[A]**

**व्याख्या**—गणित अधिगम के मूल्यांकन हेतु क्षमता मूल्यांकन अधिक महत्त्वपूर्ण होता है। आकलन उच्च आकांक्षाओं की ओर वृद्धि को प्रोत्साहित करने का एक साधन होना चाहिए। निष्पक्ष आकलन में प्रत्येक विद्यार्थी के पास अपनी गणितीय ज्ञान शक्ति का प्रदर्शन करने का अवसर होता है।

## सामान्य विज्ञान

**128.विज्ञान में उद्देश्यों की प्राप्ति का ध्यान रखा जाता है—**

(A) बालक का विकास व सीखने के नियम
(B) विषय वस्तु की प्रकृति
(C) बालक की आवश्यकताएँ एवं योग्यताएँ
(D) उपरोक्त सभी **[D]**

**व्याख्या**—विज्ञान शिक्षण में निम्न उद्देश्यों की प्राप्ति का ध्यान रखा जाता है—

(1) बालकों में सीखने की क्षमता का विकास करना।
(2) बालकों की योग्यताएँ व आवश्यकताएँ।
(3) विषय वस्तु की प्रकृति।
(4) नैतिक मूल्यों का विकास।

**129.कक्षा में एक विशेष छात्र को कोई प्रसंग समझाना अच्छा नहीं है, क्योंकि इससे—**

(A) अन्य छात्रों में शिक्षक के लिए घृणा की भावना पैदा होती है।
(B) छात्रों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा होती है।
(C) अन्य छात्रों का हतोत्साहन होता है।
(D) कक्षा में अशांति पैदा होती है। **[D]**

**व्याख्या**—कक्षा में एक विशेष छात्र के लिए किसी प्रसंग की व्याख्या करना अच्छा नहीं है क्योंकि इससे कक्षा में अशांति का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही, शिक्षक की शिक्षण पद्धति को भी प्रभावित करता है।

**130.निम्न में से कौन-सा विज्ञान में 'प्रेक्षण' करने के संदर्भ में सही नहीं है—**

(A) यह प्राकृतिक परिघटना के संदर्भ में निष्पक्ष सच्चाईयां देता है।
(B) यह ये बताने पर केन्द्रित रहता है कि 'यह क्या है'।
(C) यह देखना, चखना, छूना, सुनना और सूंघना सम्मिलित करता है।
(D) यह किसी परिघटना के बारे में प्राथमिक आँकड़े एकत्रित करने में सहायता करता है। **[A]**

**व्याख्या**—अवलोकन के लिए आप अपनी सभी पाँच इंद्रियों का उपयोग कर सकते हैं—दृष्टि, श्रवण, गंध, स्पर्श एवं स्वाद। यह पक्षपाती निष्कर्ष दे सकता है। यह क्या है इस पर ध्यान केन्द्रित करता है।

**131.जब विज्ञान-कक्षा में अधिकतर शिक्षार्थी पढ़ने में काफी निचले ग्रेड स्तर पर हैं तो शिक्षक को क्या करना चाहिये?**

(A) पाठ्य-पुस्तक में से कक्षा में पढ़ना चाहिए।
(B) अनेक हस्तपरक गतिविधियों की योजना बनानी चाहिए।
(C) प्रकरण से संबंधित दृश्य सामग्री दिखाना चाहिए।
(D) सरल भाषा का प्रयोग करते हुए भाषण देना चाहिए। **[C]**

**व्याख्या**—शिक्षक को छात्रों को लिखित पाठ समझाने के लिए विषय से संबंधित दृश्यों को दिखाना चाहिए।

## सामाजिक अध्ययन

**132. किलपैट्रिक ने प्रायोजना पद्धति में मूलतः कितने प्रकार की प्रायोजनाएँ बतलाई थी?**

(A) 3 (B) 4 (C) 5 (D) 6 **[B]**

**व्याख्या**—प्रायोजना विधि का मूलाधार जॉन ड्यूवी (Jan Dewey) की विचारधारा है। ड्यूवी के शिष्य किलपैट्रिक ने ड्यूवी की विचारधारा पर प्रायोजना विधि (Project method of teaching) का प्रतिपादन किया। किल पैट्रिक ने अपनी विधि में चार प्रकार बताएँ हैं—

(i) रचनात्मक प्रोजेक्ट (ii) रसास्वादन प्रोजेक्ट
(iii) समस्यात्मक प्रोजेक्ट (iv) अभ्यास प्रोजेक्ट

**133. निबंधात्मक प्रश्नों के लिए क्या सही है?**

a. अभिव्यक्ति के अवसर b. वस्तुनिष्ठता
c. लेखन कौशल का मूल्यांकन d. विश्वसनीयता

(A) a, b और c (C) a और c
(B) b और d (D) a, c और d **[C]**

**व्याख्या**—निबंधात्मक परीक्षण विद्यार्थियों के निर्देशन, व्यापक मूल्यांकन, उच्च मानसिक क्षमताओं के मापन, वर्गीकरण मौलिकता, विचारों को संगठित करने की क्षमता, अपेक्षित अध्ययन विधियों के विकास आदि में सहायक होती हैं। इन की रचना सरल है और सभी विषयों में इनका उपयोग किया जा सकता है। परन्तु इनकी विश्वसनीयता,

वैधता, वस्तुनिष्ठता, व्यापकता व विभेदकारिता निम्न स्तर की होती है।

**134. कौन सा युग्म सही नहीं है?**
(A) निबंधात्मक प्रकार के प्रश्न-वर्णनात्मक
(B) लघूत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न-शब्द सीमा
(C) शिक्षक निर्मित परीक्षण निकष संदर्भित परीक्षण
(D) प्रत्याभिज्ञान प्रकार के प्रश्न-एक शब्द में उत्तर **[D]**

**व्याख्या**—वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के निम्न प्रकार होते हैं—
(i) बहुविकल्पी प्रश्न (ii) रिक्त स्थान वाले प्रश्न
(iii) एकांतर- प्रत्युत्तर प्रश्न (iv) सजातीय प्रश्न
(v) विजातीय प्रश्न (iv) मिलान मध्य प्रश्न

**135. यह कथन कि 'साहित्य समाज का दर्पण होता है।' यह सामाजिक अध्ययन के साथ सह संबंध बताता है—**
(A) भाषा से (B) गणित से
(C) विज्ञान से (D) शारीरिक शिक्षा से **[A]**

**व्याख्या**—मनुष्य के व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में भाषा के महत्त्व को निम्न प्रकार से समझा जा सकता है—
(i) विचार विनिमय का सरलतम माध्यम
(ii) ज्ञान प्राप्ति का प्रमुख साधन
(iii) राष्ट्र की एकता का आधार
(iv) सामाजिक जीवन में प्रगति का माध्यम
(v) व्यक्तित्व निर्माण में सहायक
(vi) चिंतन एवं मनन का स्रोत या माध्यम
(vii) साहित्य, कला, सभ्यता एवं संस्कृति का विकास
(viii) शिक्षा भाषा ही प्रगति का आधारशिला है।

## प्रश्न : 10 शैक्षणिक मनोविज्ञान अंक : 20

**136. निम्न में से कौनसा कथन बुद्धि के बारे में सत्य नहीं है?**
(A) यह एक व्यक्ति की मानसिक क्षमता है।
(B) यह सामंजस्य/अनुकूल स्थापित करने में सक्षम है।
(C) यह व्यवहार की गुणवत्ता से आंकी जाती है।
(D) यह स्थाई एवं अपरिवर्तनशील विशेषता है। **[D]**

**व्याख्या**—टरमन के अनुसार, "बुद्धि अमूर्त विचारों के बारे में सोचने की योग्यता है।" बुद्धि व्यक्ति की जन्मजात शक्ति है। इस प्रकार बुद्धि सामाजिक तथा वैयक्तिक परिवेश में अंत: क्रियात्मक गतिशीलता तथा क्षमता का नाम है।

**137. थॉमसन द्वारा बुद्धि का कौनसा सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है?**
(A) क्रमिक महत्व का सिद्धांत (B) प्रतिदर्श सिद्धांत
(C) त्रिआयामी सिद्धांत (D) द्विकारक सिद्धांत **[B]**

**व्याख्या**—थॉमसन द्वारा बुद्धि के प्रतिदर्श सिद्धांत का प्रतिपादन किया गया। इस सिद्धांत के अनुसार एक ही समूह की योग्यताओं में परस्पर समानता पाई जाती है। किंतु दूसरे समूह की योग्यताओं से उसका कोई संबंध नहीं होता है।

**138. बालकों की सोच अमूर्तता की अपेक्षा मूर्त अनुभवों एवं प्रत्ययों से होती है। यह अवस्था है—**
(A) 7 से 12 वर्ष तक की (B) 12 से वयस्क तक की
(C) 2 से 7 वर्ष तक की (D) जन्म से 2 वर्ष तक की **[A]**

**व्याख्या**—जीन पियाजे ने इसे पूर्व संक्रिया अवस्था कहा है। 7 से 12 वर्ष के मध्य बाल्यावस्था पाई जाती है। इस अवस्था में बालक ठोस वस्तुओं के बारे में तर्क करने लगते हैं। वे वस्तुओं में कारण संबंध स्थापित करने लगते हैं।

**139. व्यक्तित्व मापक की प्रसेपण विधियाँ नीचे दिए गए किस सिद्धांत से संबंधित है?**
(A) मानवतावादी (B) मनोवैश्लेषिक
(C) व्यवहारवादी (D) संज्ञानात्मक **[B]**

**व्याख्या**—व्यक्तित्व परीक्षण को मापने के लिए प्रक्षेपण परीक्षण अति महत्वपूर्ण है। जो प्रक्षेपण प्राक्कल्पना पर आधारित है। इसमें व्यक्ति के सामने असंरचित कार्य दिया जाता है जिसे देखकर व्यक्ति असीमित प्रकार की अनुक्रियाएँ कर सकता है। प्रक्षेपण विधियाँ मनोवैश्लेषिक सिद्धांत पर आधारित होती हैं।

**140. 'Big Five' का सिद्धांत किसने दिया है?**
(A) मैकक्रे एवं क्रोस्टा (B) आलपोर्ट
(C) आइजेंक (D) स्प्रैंगर **[B]**

**व्याख्या**—मैकक्रे एवं क्रोस्टा ने 'बिग फाइव' सिद्धांत दिया है। इसमें इन्होंने पाँच प्रमुख शीलगुणों का व्यक्तित्व का वर्णन किया है।

**141. वैयक्तिक विभिन्नता होती है—**
(A) व्यक्तिगत (B) शारीरिक
(C) बौद्धिक (D) उपर्युक्त सभी **[D]**

**व्याख्या**—वैयक्तिक विभिन्नता में व्यक्तियों में पाए जाने वाले शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक गुणों को शामिल किया जाता है।

**142. निम्न में से कौन प्रयास व त्रुटि सिद्धांत के जनक हैं—**
(A) स्किनर (B) थॉर्नडाइक
(C) फ्रोबेल (D) फ्रायड **[B]**

**व्याख्या**—प्रयास व त्रुटि का सिद्धांत जिसे उद्दीपन अनुक्रिया का सिद्धांत भी कहा जाता है, थॉर्नडाइक द्वारा 1913 में दिया गया था। इस सिद्धांत में व्यक्ति प्रयास व त्रुटि के माध्यम से सीखता है। जैसे-जैसे प्रयास करता है वैसे-वैसे त्रुटि कम होती जाती है और एक समय आता है जब त्रुटि शून्य हो जाती है और सीखने की प्रक्रिया पूर्ण होती है।

**143. निम्न में से कौनसा नकारात्मक अभिप्रेरणा का उदाहरण है—**
(A) आवश्यकताएँ (B) अंतर्नोद
(C) प्रशंसा (D) प्रोत्साहन **[C]**

**व्याख्या**—बाह्य अभिप्रेरणा को नकारात्मक अभिप्रेरणा भी कहा जाता है। जब बालक बाह्य प्रभाव से कोई कार्य करता है तो वह नकारात्मक अभिप्रेरकों से प्रेरित होता है। पुरस्कार, दंड, निंदा, प्रशंसा, प्रतिद्वंद्विता की भावना आदि इसके उदाहरण हैं।

**144. निम्न में से किस अवस्था को शैशवावस्था की पुनरावृत्ति कहा जाता है?**
(A) किशोरावस्था (B) युवावस्था
(C) बाल्यावस्था (D) सन्यास अवस्था **[A]**

**व्याख्या**—किशोरावस्था को शैशवावस्था की पुनरावृत्ति कहा जाता है।

**145. व्यक्तिगत विभिन्नताओं का प्रमुख कारण है—**
(A) परिवार (B) समाज
(C) विद्यालय (D) वंशानुक्रम **[D]**

**व्याख्या**—बालकों में पाई जाने वाली व्यक्तिगत विभिन्नताओं का सर्वप्रमुख कारण वंशानुक्रम होता है।

प्रश्न : 05 **सूचना तकनीकी** अंक : 10

**146. एक ऑपरेटिंग सिस्टम एक व्यक्ति को प्रतीकों, आइकन, विजुअल मेटाफर और पॉइंटिंग डिवाइसों के उपयोग के माध्यम से कंप्यूटर के साथ संवाद करने में सक्षम बनाता है। यह निम्नलिखित में से किस रूप में वर्गीकृत किया जाएगा—**

(A) Graphical User Interface
(B) Line Command Interface
(C) Black User Interface
(D) Tap User Interface **[A]**

**व्याख्या**—यूजर कम्प्यूटर से संवाद स्थापित करने हेतु इन्टरफेस का प्रयोग करता है। इन्टरफेस दो प्रकार के होते हैं—

(i) GUI (ii) CUI

GUI का पूरा नाम **ग्राफिकल यूजर इंटरफेस** है। इस प्रकार के O.S. का प्रयोग करने में यूजर को आसानी रहती है।

इस प्रकार के ऑपरेटिंग सिस्टम में समस्त कार्य (task) एवं निर्देश ग्राफिकल अथवा चित्रात्मक रूप में पूरे किए जाते हैं जिन्हें प्रयोक्ता आसानी से उपयोग में ले सकता है, इसलिए ही **GUI OS यूजर फ्रैण्डली** होते हैं।

Graphical User Interface के माध्यम से ऑपरेटिंग सिस्टम एक व्यक्ति को प्रतीकों, आइकन, विजुअल मेटाफर और पॉइंटिंग डिवाइसों के उपयोग के माध्यम से कम्प्यूटर के साथ संवाद (Communicate) करने में सक्षम बनाता है।

**147. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम का कौनसा सेक्शन कम्प्यूटर सिस्टम की हैंकिंग करने पर दण्ड का प्रावधान करता है—**

(A) सेक्शन 65 (B) सेक्शन 66
(C) सेक्शन 62 (D) सेक्शन 67 **[B]**

**व्याख्या**—सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम कम्प्यूटर में डाटा से छेड़छाड़ एवं विभिन्न साइबर अपराधों आदि को रोकने हेतु 17 अक्टूबर, 2000 को लागू है, जिसे 2008 में संशोधित किया गया।

IT Act के सेक्शन—

66- हैकिंग को रोकने हेतु।

66F- साइबर अपराध को रोकने हेतु प्रयुक्त होते हैं।

**148. राजस्थान में सूचना प्रौद्योगिकी के पूर्णरूपेण विकासक्रम का श्रेय किस विभाग को जाता है—**

(A) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
(B) आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
(C) सूचना एवं जनसंपर्क विभाग
(D) सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग **[D]**

**व्याख्या**—सूचना एवं प्रौद्योगिकी का सम्बन्ध ऑनलाइन सम्बन्धी कार्यों को सीखने से है।

राजस्थान में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के कार्य **सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग** करता है।

**149. सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में 'ई गवर्नेंस' केन्द्र की स्थापना कब की गई?**

(A) 26 जनवरी, 2000 (B) 30 अगस्त, 2001
(C) 2 अप्रैल, 2002 (D) 15 अगस्त, 2000 **[D]**

**व्याख्या**—भारत में ई-गवर्नेंस केन्द्र की स्थापना 15 अगस्त 2000 को हुई।

**नोट:—ई-गवर्नेंस वर्ष** के रूप में **2001** को माना गया है।

**150. ROM का पूर्ण स्वरूप क्या है—**

(A) रैंडम ओरिजिन मनी (B) रैंडम ओनली मेमोरी
(C) रीड ओनली मेमोरी (D) रैंडम ओवरफ्लो मेमोरी **[C]**

**व्याख्या—ROM**—यह प्राथमिक मेमोरी का ही एक प्रकार है जिसका पूर्ण रूप **Read Only Memory** है।

**ROM** कम्प्यूटर में मदरबोर्ड पर स्थित **सिलिकॉन** की चिप है, जिसमें **निर्माण के समय ही डाटा एवं निर्देश स्टोर** (Store) कर दिये जाते हैं एवं इन डाटा एवं निर्देशों को प्रयोक्ता (user) केवल पढ़ सकता है, बदल नहीं सकता। ROM के प्रकार - PROM, EPROM, EEPROM है।

# अनुक्रमणिका


अध्याय नं. अध्याय का नाम ........ पृष्ठ नम्बर

☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-1 ........... 1
- राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा ........ 1
- राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 6
- विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) ...... 10
- शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .. 13
- शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 15
- सूचना तकनीकी ........ 16

☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-2 ........ 17
- राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा ...... 17
- राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 21
- विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) ...... 25
- शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .. 28
- शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 30
- सूचना तकनीकी ........ 31

☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-3 ........ 32
- राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा ...... 32
- राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 36
- विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) ...... 41
- शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .. 44
- शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 46
- सूचना तकनीकी ........ 47

☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-4 .......... 48
- राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा ...... 48
- राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 53
- विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) ...... 57
- शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .. 60
- शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 62
- सूचना तकनीकी ........ 64

☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-5 .......... 65
- राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा ...... 65
- राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 70
- विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) ...... 74
- शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .. 78
- शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 80

अध्याय नं. अध्याय का नाम ............ पृष्ठ नम्बर

❖ सूचना तकनीकी ............ 81

☯ **Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम (कक्षा 1 से 5 तक के लिए) परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-6** ............ 82

❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा ...... 82
❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ............ 87
❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन)....... 91
❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .. 94
❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ............ 96
❖ सूचना तकनीकी ............ 97

☯ **Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम (कक्षा 1 से 5 तक के लिए) परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-7** ............ 98

❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा ...... 98
❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ............ 103
❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन)..... 108
❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) 111
❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ............ 113
❖ सूचना तकनीकी ............ 114

☯ **Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम (कक्षा 1 से 5 तक के लिए) परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-8** ........ 115

❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा .... 115
❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ............ 120
❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन)..... 124
❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) 127
❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ............ 130
❖ सूचना तकनीकी ............ 131

☯ **Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम (कक्षा 1 से 5 तक के लिए) परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-9** ........ 132

❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा .... 132
❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ............ 137
❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन)..... 142
❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) 145
❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ............ 147
❖ सूचना तकनीकी ............ 148

☯ **Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम (कक्षा 1 से 5 तक के लिए) परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-10** ........ 149

❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा .... 149
❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ............ 154
❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन)..... 159
❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) 162
❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ............ 164
❖ सूचना तकनीकी ............ 165

अध्याय नं. अध्याय का नाम ........ पृष्ठ नम्बर


☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-11 ........ 166
- ❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा .... 166
- ❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 171
- ❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .... 176
- ❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) 179
- ❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 181
- ❖ सूचना तकनीकी ........ 182

☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-12 ........ 183
- ❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा .... 183
- ❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 188
- ❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .... 192
- ❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) 195
- ❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 197
- ❖ सूचना तकनीकी ........ 198


☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-13 ........ 199
- ❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा .... 199
- ❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 204
- ❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .... 209
- ❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) 211
- ❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 214
- ❖ सूचना तकनीकी ........ 215


☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-14 ...... 216
- ❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा .... 216
- ❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 221
- ❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .... 226
- ❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) 228
- ❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 230
- ❖ सूचना तकनीकी ........ 231


☯ Grade-3rd अध्यापक • लेवल-प्रथम [कक्षा 1 से 5 तक के लिए] परीक्षा • प्रैक्टिस पेपर-15 ...... 232
- ❖ राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान एवं राजस्थानी भाषा .... 232
- ❖ राजस्थान का सामान्य ज्ञान, शैक्षिक परिदृश्य, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सामयिक विषय ........ 237
- ❖ विद्यालय विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) .... 242
- ❖ शैक्षणिक रीति विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) 244
- ❖ शैक्षणिक मनोविज्ञान ........ 246
- ❖ सूचना तकनीकी ........ 248



WWW.DAKSHBOOKS.COM

दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें


























# दक्ष प्रकाशन

(A Unit of College Book Centre)

A–19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)

फोन नं. 0141–2604302

**Code No. D-655** ₹ 380/-


इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु

**WWW.DAKSHBOOKS.COM**

पर ORDER करें

★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★